


# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, सोमवार, 09 सितंबर 2024

संवत 2081, भाद्रपद शुक्ल 6 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-8, अंक 05 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ युवा और कारोबारी क्यों कर रहे खुदकुशी

आलिया की फिल्म 'जिगरा' रिलीज को तैयार पहली बार दिखेगा आलिया का एक्शन ◂◂ 6







# विधानसभा चुनाव से पहले हेमंत सरकार का किसानों को तोहफा, बांटेगी चार हजार ट्रैक्टर

- सरकार ने मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के तहत किसानों को चार हजार ट्रैक्टर बांटने का किया ऐलान
- राज्य सरकार इस पर 150 करोड़ रुपये करेगी खर्च

मेट्रो रेज



**रांची :** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग वित्तीय वर्ष 2024-25 और 2025-26 में मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के तहत करीब चार हजार ट्रैक्टर बांटेगा। इसका राज्यादेश विभाग ने निकाल दिया है। लाभुकों को 80 फीसदी अनुदान दिया जायेगा। विभाग 2450 बड़ा ट्रैक्टर तथा 1550 छोटा ट्रैक्टर बांटेगा। इसके साथ ही एक हजार कृषि उपकरण भी बांटे जायेंगे। इसका लाभ निजी किसानों के साथ कृषक समूहों को मिलेगा। कई वर्षों बाद राज्य सरकार किसानों के बीच अनुदान पर ट्रैक्टर का वितरण कर रही है। इस पर राज्य सरकार 150 करोड़ रुपये खर्च करेगी।

**34 से 40 हॉर्स पावर का होगा ट्रैक्टरः** राज्य सरकार किसानों को 34 से 40 हॉर्स पावर तक का ट्रैक्टर बांटेगी। इसके साथ दो कृषि यंत्र भी दिये जायेंगे। कुल पैकेज 10 लाख रुपये का होगा। बड़े टैक्टर पर अधिकतम 50 फीसदी तक अनुदान मिलेगा। दो कृषि यंत्रों पर 80 फीसदी अनुदान दिये जायेंगे। इस पर अधिकतम पांच लाख रुपये तक का अनुदान राज्य सरकार देगी। वैसे कृषक समूह जिनके पास पूर्व से बड़ा ट्रैक्टर है और वह सिर्फ सहायक कृषि यंत्र लेना चाहते हैं, तो उनको भी एक से अधिक बड़े ट्रैक्टर के कृषि यंत्र पर 80 फीसदी अनुदान मिलेगा। इसमें अधिकतम अनुदान दो लाख रुपये तक मिलेगा।


**राज्य सरकार ने कौन से निर्देश दिए ?** कृषि विभाग ने राज्यादेश में वित्तीय वर्ष समाप्त होने से पहले ही ट्रैक्टर का पैसा निकालकर पीएल खाते में डालने का आदेश दिया है। पैसा झारखंड एग्रीकल्चर मशीनरी टूल्स ट्रेनिंग सेंटर (जेएएमटीटीसी) के खाता में देना है। राज्यादेश में ही भूमि संरक्षण निदेशक को इससे संबंधित आदेश दे दिया गया है। ट्रैक्टर वितरण और व्ययन का काम जेएएमएटीटीसी को ही करना है। जेएएमटीटीसी कृषि विभाग के भूमि संरक्षण निदेशालय के अधीन का एक टेस्टिंग सेंटर है। यहां कृषि उपकरणों का टेस्ट कर लाइसेंस दिया जाता है।

**ट्रैक्टर में रहेगी जीपीएस की सुविधाः** विभाग ने तय किया है कि सभी ट्रैक्टरों में जीपीएस की सुविधा रहेगी। इससे इसका ऑनलाइन अनुश्रवण एवं मूल्यांकन किया जायेगा। जीपीएस के माध्यम से ट्रैक्टर की भौगोलिक स्थिति, दूरी चालन, खेती का क्षेत्रफल का विवरण भी प्राप्त होगा। अगले तीन वर्षों तक जेएएमटीटीसी इसका अनुश्रवण और मूल्यांकन करेगी।

**10 एकड़ से अधिक भूमिवाले को मिलेगी प्राथमिकताः** विभाग ने तय किया है कि ट्रैक्टर और सहायक कृषि यंत्र वैसे लाभुक या समूहों को दिया जायेगा, जिनके पास कम से कम 10 एकड़ भूमि हो। वैसे समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिनके किसी सदस्य के पास ट्रैक्टर या एलएमवी का लाइसेंस हो। इस योजना का अनुश्रवण पंचायती राज्य स्तर के पदाधिकारी करेंगे।

## जम्मू-कश्मीर के नौशेरा में दो आतंकी ढेर, घुसपैठ की कोशिश नाकाम

### एके-47 सहित भारी मात्रा में हथियार बरामद



**जम्मूः** भारतीय सेना को खुफिया एजेंसियों और जम्मू कश्मीर पुलिस से संभावित घुसपैठ की कोशिश के बारे में इनपुट मिले। इसके बाद सेना ने आठ सितंबर की मध्यरात्रि को लाम और नौशेरा के सामान्य क्षेत्र में एक घुसपैठ विरोधी अभियान शुरू किया। इस दौरान सेना ने दो आतंकियों को ढेर कर दिया। साथ ही बड़ी मात्रा में युद्ध सामग्री बरामद की गई है। व्हाइट नाइट कोर के मुताबिक, ऑपरेशन अभी जारी है।

इससे पहले पांच सितंबर को पुलवामा पुलिस ने आतंकी हमले की बड़ी साजिश को नाकाम किया था। आतंकी मददगार को गिरफ्तार कर एक ग्रेनेड बरामद किया था। पुलिस के अनुसार गुरुवार को पुलवामा के करीमाबाद में क्रॉसिंग पर नाका लगाकर जांच की जा रही थी। इस दौरान अरसलान अहमद शेख निवासी करीमाबाद के कब्जे से एक हैंड ग्रेनेड बरामद किया गया। उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। प्राथमिक पूछताछ में सामने आया है कि आरोपी सुरक्षाबलों की नाका पार्टी पर ग्रेनेड हमले की फिराक में था।



## कानपुर से भिवानी जा रही कालिंदी एक्सप्रेस को एलपीजी सिलेंडर से उड़ाने की साजिश, बाल-बाल बचे यात्री

**कानपुर :** प्रयागराज से कानपुर होते हुए भिवानी के लिए चलने वाली ट्रेन कालिंदी एक्सप्रेस (14117) को एलपीजी सिलेंडर से उड़ाने की साजिश का मामला सामने आया है। यह ट्रेन रविवार को देर शाम ट्रैक पर रखे एक सिलेंडर से टकरा गई।

रेलवे ट्रैक पर मिले एलपीजी सिलेंडर, पेट्रोल की बोतल को लेकर जांच शुरू हो गई है। आरपीएफ ने एफआईआर दर्ज किया है। इसके साथ मामले की जांच क्ह को सौंप दी गई है। माना जा रहा है कि रेलवे ट्रैक पर गैस सिलेंडर और पेट्रोल बोतल का मिलना सामान्य मामला नहीं है।

यह घटना अनवरगंज-कासगंज रेलवे रूट की है। आरपीएफ के अधिकारियों के मुताबिक बरार्राजपुर रेलवे स्टेशन से कालिंदी एक्सप्रेस ट्रेन करीब 2।5 किलोमीटर आगे चली ही थी कि रेलवे ट्रैक पर रखे एलपीजी गैस सिलेंडर से टकरा गई। इससे जोर का धमाका हुआ। गनीमत रही कि लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगा दी और बड़ा हादसा टल गया। इसके बाद मौके पर पहुंची जीआरपी और आरपीएफ की टीमों ने जांच की तो पता चला कि रेलवे ट्रैक पर ना केवल रसोई गैस का सिलेंडर रखा था, बल्कि वहीं पर पेट्रोल भरी बोतल, माचिस एवं अन्य संवेदनशील सामान भी रखे थे।जो धमाका हुआ, वह गैस सिलेंडर फटने की वजह से हुआ। इस हादसे के बाद मैके पर कालिंदी एक्सप्रेस करीब 22 मिनट तक खड़ी रही। बाद में ट्रैक की जांच करने के बाद इस ट्रेन को आगे रवाना किया गया। इसी तरह की घटना कुछ दिन पहले साबरमती एक्सप्रेस के साथ भी हुई थी। इस हादसे में ट्रेन की 22 बोगियां पलट गई थीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरपीएफ ने शनिवार की देर रात एफआईआर दर्ज कर लिया। रेलवे अधिकारियों के मुताबिक मामले की जांच के लिए आईबी को इंवाल्व किया गया है। इसी के साथ मामले की जानकारी कानपुर के डीएम और पुलिस कमिश्नर के अलावा उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव और डीजीपी को भी दी गई है। रेलवे के अधिकारियों के मुताबिक ट्रेन से टकराने के बाद गैस सिलेंडर ट्रैक पर काफी दूर तक घिसटता हुआ गया है। इसके निशान ट्रैक पर मिले हैं। वहीं कुछ दूर आगे पेट्रोल की बोतल भी मिली है। रेलवे के अधिकारियों के मुताबिक इस साजिश के लिए पूरी तैयारी की गई थी। गनीमत रही कि लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगा दी और बड़ा हादसा टल गया।

### भारत जोड़ो यात्रा पर राहुल का बड़ा खुलासा,कहा-

## मीडिया हमें तरजीह नहीं देता था, संवाद के रास्ते थे बंद

1

**टेक्सास (अमेरिका):** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि जब अपने विचार संचार माध्यमों के जरिए जनता तक पहुंचना उनके लिए कठिन हो गया था, तो उन्होंने जन संवाद के लिए भारत जोड़ो यात्रा शुरू की और उनका यह आइडिया क्लिक कर गया। श्री गांधी ने अमेरिका के टेक्सास विश्वविद्यालय में छात्रों के सवाल पर कहा कि भारत में संचार माध्यम से बोलने की उन्हें आजादी नहीं थी, इसलिए जनता से संवाद के लिए उन्हें चार हजार किलोमीटर पैदल यात्रा करनी पड़ी।

यात्रा के समय उनके घुटने में दर्द हो रहा था, बावजूद इसके जन संवाद के लिए उन्हें यह यात्रा करनी पड़ी। उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा के शुरूआती दिनों को याद करते हुए कहा कि भारत में संचार के सभी रास्ते बंद थे। हमने जो भी काम किया संचार माध्यमों के जरिए उन्हें जनता तक नहीं पहुंचा सके, हमारी हर कोशिश को अवरुद्ध किया जाता। हमने संसद में बात की इसे टीवी पर नहीं दिखाया गया। मीडिया से अपनी बात कहने का प्रयास किया, लेकिन हमने जो कुछ कहा मीडिया ने उसे तरजीह नहीं दी। हमने कानूनी व्यवस्था के समक्ष दस्तावेज भी प्रस्तुत किए, लेकिन कुछ नहीं हुआ। बहुत समय बीत गया और जब सभी रास्ते बंद हो हमने जनता से संवाद के बारे में विचार करना शुरू किया। हम सचमुच समझ नहीं पाए कि कैसे जनसंवाद करें। फिर अचानक, विचार आया कि यदि मीडिया से जनता तक नहीं पहुंचने दे रहा है, संस्थाएं लोगों से नहीं जोड़ रही हैं तो सीधे जनता के पास चलें। देश भर में घूम कर लोगों से संवाद का यही सबसे अच्छा तरीका था और हमने यही किया।

श्री गांधी ने कहा कि मैं आपको बता दूं कि शुरूआत में मुझे घुटने की समस्या थी। पहले 3-4 दिनों तक मैं यही सोचता रहा कि मैंने यह क्या कर दिया है। जब आप सुबह उठते और कहते हैं मैं 10 किमी चलूंगा अलग बात है, लेकिन जब आप उठते हैं और कहते हैं, मैं 4,000 किलोमीटर चलूंगा, तो यह पूरी तरह से अलग प्रतिमान है। कई क्षण आए जब मैंने सोचा कि यह बड़ी बात है, लेकिन आश्चर्य की बात यह मुझे बिल्कुल भी मुश्किल नहीं लगा और मैने अपने काम के बारे में सोचने के तरीके को मौलिक रूप दे दिया और मैंने देखा कि सब कुछ पूरी तरह से बदल गया। राजनीति को लेकर उन्होंने कहा महत्वपूर्ण यह है कि मैं राजनीति को कैसे देखता हूं, अपने लोगों को कैसे देखता हूं, उनके साथ कैसे संवाद करता हूं और मैं उन्हें कैसे सुनता हूं। यात्रा में सिर्फ मैं ही नहीं, कई लोग शामिल थे। हम सभी के लिए सबसे शक्तिशाली चीज औए जो स्वाभाविक रूप से



## सूरत : गणेश उत्सव के दौरान पंडाल पर पथराव, जमकर तोड़फोड़ और हंगामा

**6 मुख्य आरोपी सहित 33 गिरफ्तार**

**सूरत :** गुजरात के सूरत शहर के सैयदपुरा इलाके में गणेश पूजा पंडाल पर पथराव की घटना सामने आई है। इस घटना में शामिल 6 मुख्य आरोपियों सहित कुल 33 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इलाके में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गणेश पूजा पंडाल पर पथराव के बाद इलाके में झड़प हो गई। स्थानीय लोगों की गुस्साई भीड़ ने जमकर तोड़फोड़ और हंगामा किया। घटना की जानकारी मिलते ही गुजरात के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया और पुलिस को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। गृह मंत्री हर्ष संघवी ने कहा, सैयदपुरा इलाके में 6 लोगों ने गणेश पंडाल पर पथराव किया, जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने इस घटना को बढ़ावा देने वाले 27 अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया है। सूरत के पुलिस कमिश्नर अनुपम सिंह गहलोत ने घटना पर जानकारी देते हुए बताया कि कुछ बच्चों ने गणेश पंडाल पर पथराव किया था।

### कोलकाता कांड की 'सुप्रीम' सुनवाई

## ममता सरकार बोली- हड़ताल में 23 की हुई मौत, सीबीआई ने कहा- 27 मिनट के ही फुटेज मिले

**नई दिल्लीः** कोलकाता में चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या मामले से संबंधित याचिका पर उच्चतम न्यायालय में सुनवाई हुई। इस दौरान केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मामले की जांच को लेकर स्टेटस रिपोर्ट पेश की। बंगाल सरकार ने भी कोर्ट को स्थिति रिपोर्ट सौंपी। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि पश्चिम बंगाल सरकार ने स्थिति रिपोर्ट दाखिल की है। इसमें बताया गया है कि जब डॉक्टर काम नहीं कर रहे थे, तब 23 लोगों की मौत हो गई। सुनवाई के बाद कोर्ट सीबीआई से नई स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने जांच एजेंसी को एक हफ्ते का समय दिया है। मामले की अगली सुनवाई 17 सितंबर को होगी।



प्रिंसिपल के आवास और अस्पताल के बीच की दूरी के बारे में पूछाः सीजेआई ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से आरजी मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल के आवास और अस्पताल के बीच की दूरी के बारे में पूछा। एसजी मेहता ने जवाब दिया, 'लगभग 15-20 मिनट का'। एसजी मेहता ने मामले की सुनवाई के दौरान जोर देकर कहा कि वह हम सबकी बेटी है। मामले में दोषियों को जल्द जल्द सज दी जानी चाहिए।

**अप्राकृतिक मौत की रिपोर्ट दर्ज करने के समय पर स्पष्टीकरण मांगाः** सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने अप्राकृतिक मौत की रिपोर्ट दर्ज करने के समय पर स्पष्टीकरण मांगा। सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि मृत्यु प्रमाण पत्र दोपहर 1:47 बजे दिया गया, अप्राकृतिक मौत की एंट्री पुलिस स्टेशन में दोपहर 2:55 बजे की गई। सुप्रीम कोर्ट ने तलाशी और जब्ती के बारे में जानना चाहा। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने शाम 8:30 बजे से 10:45 बजे तक जवाब दिया।

क्या सीसीटीवी फुटेज सीबीआई को सौंपे गए थे? सुप्रीम कोर्ट ने जानना चाहा कि क्या घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज सीबीआई को सौंपे गए थे। एसजी मेहता ने जवाब दिया, 'हां'। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने जानना चाहा कि क्या रात 8:30 से 10:45 बजे तक की गई तलाशी और जब्ती प्रक्रिया की फुटेज सीबीआई को सौंपे गए? इस पर एसजी मेहता ने जवाब दिया कि कुल 27 मिनट के 4 क्लिप सीबीआई को सौंपे गए। एसजी ने कहा कि सीबीआई ने नमूने एम्स और अन्य केंद्रीय फोरेंसिक प्रयोगशाला को भेजने का फैसला किया है।

सीबीआई को जांच पर नई स्थिति रिपोर्ट जमा करने का निर्देशः कोर्ट ने सीबीआई को जांच पर नई स्थिति रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया है। एसजी तुषार मेहता ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज में तैनात सुरक्षाकर्मियों से संबंधित मुद्दा उठाया। इस पर कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार के गृह विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और सीआईएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी को निर्देश दिया कि वे सीआईएसएफ की तीनों कंपनियों को आवास उपलब्ध कराएं। कोर्ट ने निर्देश दिया कि सीआईएसएफ को आवश्यक सभी उपकरण और सुरक्षा उपकरण आज ही सौंप दिए जाएं।

सुप्रीम कोर्ट ने मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए सोमवार को सुनवाई की। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ मामले में सुनवाई की। कोर्ट ने 22 अगस्त को महिला चिकित्सक की अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज करने में देरी को लेकर कोलकाता पुलिस से नाराजगी जताई थी। आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की प्रशिक्षु पीजी चिकित्सक के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर दी गई थी। कोर्ट ने इसे बेहद परेशान करने वाली घटना बताया था। कोर्ट ने घटनाक्रम और प्रक्रियागत औपचारिकताओं के समय पर सवाल उठाए थे। शीर्ष कोर्ट ने चिकित्सकों और अन्य स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों की सुरक्षा के लिहाज से प्रोटोकॉल तैयार करने के लिए 10 सदस्यीय राष्ट्रीय कार्य बल (एनटीएफ) का गठन किया था। कोर्ट ने घटना को भयावह करार देते हुए प्राथमिकी दर्ज करने में देरी पर राज्य सरकार से भी अप्रसन्नता जाहिर की थी।

## न्यूज ब्रीफ



### 'करम पूजा की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम' का आयोजन

**मुरीः** आदिवासी रेलवे परिवार मुरी शाखा, रांची मंडल (दक्षिण पूर्व रेलवे) के तत्वावधान में करमा पूर्व संध्या का आयोजन रेलवे इंस्टीट्यूट मुरी में धूमधाम से किया गया। उर्सलाईन स्कूल से प्रिंसिपल सरिता बोदरा ,म्यूजिक टीचर सिस्टर ज्योति व अन्य अध्यापिका, स्थानीय मुखिया कन्हैया लोहारा, मोदीडीह मुखिया लालू पहन, प्रखंड प्रमुख, जिला परिष सदस्य एवं हटिया व रांची शाखा से रमेश महली,छोटेलाल बेदिया, अमर ए के टोप्पो, दिनेश मिंज, फ्रांसिस, लछु मुंडा, लक्छण पहान व स्टेशन मास्टर डी के चर्मको,बिनीत भगत, ए पी कच्छप,लछु लकड़ा, लेदु, करमाली अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही। लोहरदगा, पिस्का, बानो, नवागांव,झलदा सेक्शन,रामगढ़ सेक्सन, इल्लु सेक्सन, गुंडाबिहार सिल्ली, जोन्हा, टाटीसिलवे, नामकोम के अतिरिक्त बोकारो,टाटा, बरकाकाना,सिन्नी,चक्रधरपुर, खरसावां,गोमो,राउरकेला, धनबाद व बंडामुंडा के साथ अन्य क्षेत्रों से आए आदिवासी समुदाय के सैकड़ो आदिवासी रेलवे कर्मचारियों* ने इस कार्यक्रम में नागपुरी गीत-संगीत प्रस्तुत किया। केंद्रीय सरना समिति सिल्ली, मोडीडीह से आये पुरुषों व महिलाओं ने पारंपरिक पोशाक के साथ सामूहिक नृत्य दिखाई।, उर्सलाईन स्कूल मुरी के बालिकाओं व मुंडाटोली मुरी के बच्चीयों के द्वारा आधुनिक नागपुरी गीत में पारंपरिक पोशाक के साथ नृत्य प्रस्तुत किया गया।

**लोहरदगा से नागपुरी कलाकार म्यूजिक टीम गायक-बांदे उरांव व गायिका-** नमिता उरांव का समस्त टीम ने कर्मा पूजा से संबंधित सुंदर नागपुरी, कुरुख गीत-संगीत से रेलवे कर्मचारियों को खूब झुमाया

मूरी रेलवे परिवार से शि कमिटी के द्वारा सभी टीम को उपहार देकर हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम के आयोजन में मुख्य संरक्षक डॉक्टर झरिया कच्छप,राजु कोया (अध्यक्ष) आर। खेस्स (महासचिव) प्रकाश उरांव (कोशाध्यक्ष) के साथ मुरी आयोजक कमिटी के निरंजन बाघवार, डी।के।बड़ाईक,वीरेंद्र कश्यप,सुबोध मिंज,अरुण कुमार भगत,छटू उरांव, बिनोद दहंगा,अनुज,कुसुम मुंडा,एम एल मांझी,ए के समुद्रा,रंजीत, अजित,एम डी उरांव,शिबू पहान,प्रभु,अनिल,पवन, विष्णु, अमित,सुकरा,सन्दीप,ए।आंईद,अमित टोपनो,भंगराज, मनोज मरांडी का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन संयुक्त रूप से निरंजन बाघवार, जगदीप गौन्झु व एम एल मांझी के द्वारा किया गया।अतिथि अभिभाषण में करमा पूजा की महत्ता बताया गया।और प्रत्येक वर्ष इस प्रकार करम पूर्व संध्या मनाए जाने निर्णय लिया गया।

### मतदाताओं को लुभाने के लिए सरकारी खजाने का इस्तेमाल कर रही सरकार': आजसू




**रांची :** ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) पार्टी के प्रमुख सुदेश महतो ने रविवार को हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार पर विधानसभा चुनाव से पहले मतदाताओं को लुभाने के लिए राजकोष का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने अपने वादे पूरे नहीं करके राज्य के युवाओं और महिलाओं को धोखा दिया है। रांची के प्रभात तारा मैदान में झारखंड नवनिर्माण संकल्प रैली को संबोधित करते हुए महतो ने आरोप लगाया, सरकार राज्य में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाताओं को लुभाने के लिए विभिन्न योजनाओं के नाम पर अपने खजाने का इस्तेमाल कर रही है। रैली में राज्य के विभिन्न जिलों से हजारों युवाओं ने हिस्सा लिया। महतो ने कहा, सरकार ऐसे समय में योजनाएं शुरू कर रही है, जब चुनाव में बस एक या दो महीने बचे हैं। अगर सरकार राज्य के लोगों के प्रति ईमानदार होती, तो वह इन योजनाओं को वर्षों पहले शुरू कर देती। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने युवाओं को नौकरी और बेरोजगारी भत्ता न देकर धोखा दिया है। महतो ने कहा कि अगर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सत्ता में आया तो वह समाज के हर वर्ग, खासकर युवाओं और महिलाओं को ध्यान में रखते हुए राज्य के लिए नीतियां लागू करेगा। आजसू पार्टी राज्य में भाजपा की सहयोगी है।

### झामुमो का पंचायत स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन 11 को

**सिल्लीः** झारखंड मुक्ति मोर्चा का पंचायत स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन 11 सितंबर को गोड़ाडीह पंचायत के गोड़ाडीह में आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में पंचायत के जेएमएम कार्यकर्ता व समर्थकों को हिस्सा लेने का आग्रह किया गया है। सम्मेलन में मूलभूत सुविधा व विभिन्न समस्याओं एवं पार्टी संगठन के बारे में विचार साझा किया जायेगा। उक्त जानकारी प्रखंड सचिव अजित महतो ने दिया है।

### जेएलकेएम का मिलन समारोह, कई लोगों ने ली सदस्यता



**हजारीबागः** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेकेएलएम) का बदलाव संकल्प सभा सह मिलन समारोह का आयोजन केरेडारी कृषि फार्म मैदान में रविवार को हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी सुप्रीमो जयराम महतो विशिष्ट अतिथि क्रांतिकारी मो रिजवान मोतीलाल महतो समेत अन्य मौजूद थे। कार्यक्रम में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से संभावित प्रत्याशी के तौर पर दावेदारी पेश करने वालों में जेएलकेएम के केंद्रीय संगठन सचिव विकास कुमार महतो, सदस्य बबलू सागर मुंडा, प्रदीप कुशवाहा व राजेश साव अपने-अपने समर्थकों के साथ हाथों में बैनर पोस्टर लेकर पहुंचे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के केरेडारी प्रखंड अध्यक्ष संतोष महतो ने किया। संचालन रामावतार रजक ने किया। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य से त्याग पत्र देने वाले बालेश्वर कुमार कुशवाहा अपने हजरों समर्थकों के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंच कर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा का विधिवत सदस्यता ग्रहण की। मुख्य अतिथि जयराम महतो ने कहा कि राज्य के निर्माण हुए 24 वर्ष हो गये, लेकिन अब तक जितनी भी सरकारें बनी सभी ने यहां के मूलवासियों को ठगा है। किसी ने भी मूलवासियों के हितों के लिए कार्य नहीं किया। राज्य के बाहर के लोगों को रेवड़ी की तरह नौकरियां बांटते रहे और राज्य के शिक्षित युवक युवतियां बेरोजगार होकर दर-दर की ठोकरे खा रहे हैं। राज्य में अब तक ना तो सही से नियोजन नीति बनी है और ना ही इस दिशा में किसी सरकार ने सार्थक पहल की है। संगठन सचिव बिकेश महतो ने कहा कि राज्य खनिज संपदा से धनी तो जरूर है लेकिन इसका लाभ यहां के लोगों को नहीं मिल रहा। कार्यक्रम में मनोरंजन के लिए झारखंड के मशहूर नागपुरी लोक गायक मजबूल खान ने नागपुरी गीत की प्रस्तुति दी।

#### सीएम सोरेन का आरोप

# 'नीति-निर्माताओं की उदासीनता से पिछड़ी मूल आबादी', झारखंड को नहीं दिया महत्व

मेट्रो रेज



**चाईबासा :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आरोप लगाया कि राज्य के नीति निर्माताओं की उदासीनता ने स्थानीय आबादी को पिछड़ा बना दिया है। उन्होंने कहा कि झारखंड को 'सोने की चिड़िया' के नाम से जाना जाता था। यहां प्रचुर मात्रा में खनिज भंडार हैं, लेकिन स्थानीय आदिवासी और मूलवासी पीछे रह गए। उन्होंने आरोप लगाया कि नीति निर्माताओं ने कभी भी झारखंड को महत्व नहीं दिया और स्थानीय लोगों को मजदूरों के रूप में काम करने के लिए छोड़ दिया, जिससे आजीविका की तलाश में वे पलायन करने को मजबूर हो गए। सीएम ने दावा किया कि झारखंड का 1।36 लाख करोड़ रुपये अभी भी केंद्र के पास बकाया है। कहा, 'अगर हमें राशि मिल जाती तो हम राज्य की किस्मत और दिशा बदल देते।'

सीएम सोरेन रविवार को पश्चिमी सिंहभूम जिले के नोवामुंडी में एक कार्यक्रम में बोल रहे थे, जहां उन्होंने 201।83 करोड़ रुपये से अधिक की 96 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। लाभार्थियों के बीच 103।41 करोड़ रुपये की संपत्ति वितरित की। इससे पहले, उन्होंने 1980 में इसी दिन गुआ में बिहार पुलिस की गोलीबारी में मारे गए राज्य आंदोलनकारियों को समर्पित एक शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। गुआ गोलीबारी की घटना का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा, 'हम इस दिन को कभी नहीं भूले हैं, क्योंकि हमारे शहीद हमारे मार्गदर्शक रहे हैं और हम उनके नक्शेकदम पर चलते हुए सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।' उन्होंने कहा, झारखंड योद्धाओं की भूमि रही है और आदिवासियों ने हमेशा अन्याय, शोषण और अत्याचार के खिलाफ लड़ाई लड़ी है। उन्होंने कहा, 'हमने लंबे समय तक अलग राज्य के लिए लड़ाई लड़ी है और कई लोगों ने इस उद्देश्य के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया है।।।आदिवासी खून की हर बूंद हमें मजबूत बनाती है। हम अपने अधिकारों के लिए लड़ते रहेंगे।' सीएम ने कहा, जब से झामुमो के नेतृत्व वाली सरकार सत्ता में आई है, उसे शुरूआती दो वर्षों में वैश्विक महामारी और अब पिछले दो वर्षों से सूखे के खतरे सहित चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। दावा किया कि तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उनकी सरकार ने जनता के हित में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को लागू करना जारी रखा है।

## घासी समाज को अविलंब आदिवासी का दर्जा दिया जाये : विजय शंकर नायक



**रांचीः** भोक्ता समाज की तर्ज पर घासी समाज को भी आदिवासी का दर्जा दे सरकार नहीं तो केंद्र व राज्य सरकार के खिलाफ होगा एक्शन। उपरोक्त बातें आज आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केन्द्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री झारखण्ड, केंद्रीय जनजाति मंत्री को ईमेल भेजकर उक्त बातें कही । श्री नायक ने पत्र के माध्यम से यह भी बताया कि झारखंड राज्य के घासी समाज वर्तमान में अनुसूचित जाति झारखंड के पुराने वासिंदो में से एक हैं। घासी समाज पूर्व से ही जनजातीय समाज रहा है इसकी भी रूढ़ीगत अपनी परंपरा संस्कार एवं संस्कृति रही है। आज झारखंड में आर्थिक राजनीतिक सामाजिक शैक्षणिक रूप से सबसे कमजोर एवं अंतिम पायदान पर बैठे इस समाज की गिनती आज हो रही है ।

### अर्पिता महिला मंडल, सीसीएल मुख्यालय ने जरूरतमंद महिलाओं को 'वेजिटेबल कार्ट' किया प्रदान




**रांचीः** सीसीएल की मुख्यालय के ऑफीसर्स वाईव्स वेलफेयर एसोसियेशन, अर्पिता महिला मंडल द्वारा अध्यक्षा प्रीती सिंह के कुशल नेतृत्व में जरूरतमंद एवं वंचित महिलाओं को स्थायी आजीविका के साधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विगत दिनों विभिन्न सब्जियों के साथ दो 'वेजिटेबल कार्ट' का वितरण किया गया। इतना ही नहीं महिला मंडल के सदस्यों ने लाभुक महिलाओं से सब्जी भी खरीदा। साथ ही साथ कॉलोनी में मजदूरों के बीच खाने-पीने के पैकेट भी बांटे गए। ज्ञात हो कि लगातार कई वर्षो से समाज के गरीब, जरूरतमंद और वंचित लोगों के सहायतार्थ विभिन्न वितरण शिविरों का आयोजन कर उनके बीच जरुरत के सामानों का वितरण करती रहती है। इसी कड़ी में यह पहल उक्त महिला मंडल के समाज के जरूरतमंद एवं वंचित महिलाओं को समर्थ और स्शक्त बना कर नारी शक्ति को मजबूती प्रदान करना है। यह पहल समाज में सकारात्मक प्रभाव पैदा करने और कमजोर समुदाय को सम्बल प्रदान करने की दिशा में महिला मण्डल की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। अवसर विशेष पर सीसीएल की प्रथम महिला प्रीति सिंह सहित उक्त महिला मंडल की रीता मिश्रा, शशि दुहान, किरण झा, हिना राठौड़, धारित्री मोहोराना, ममता शरण, त्रिवेणी इनामदार, नीता लाल, अनीता सिंह, सरिता सक्सेना, शिल्पी मोहन, अन्नू मलिक, कविता झा एवं अर्चना अखोरी उपस्थित थीं।

## मुक्ति संस्था ने 44 लावारिस शवों का किया सामूहिक दाह संस्कार



**रांचीः** मुक्ति संस्था ने रविवार को जुमार नदी के तट पर 44 लावारिस शवों का सामूहिक रूप से अंतिम संस्कार किया। संस्था के सदस्यों ने दाह संस्कार से पूर्व मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। फिर सभी शवों को मुखाग्नि दी। नौ सालों से लवारिश शवों का अंतिम संस्कार कर रही संस्था कई दिनों से इन शवों के दाह संस्कार की तैयारी कर रही थी। रिम्स में कानूनी औपचारिकता पूरी करने के बाद मोर्चरी में पड़े सभी शवों को ट्रैक्टर से जुमार नदी तट पर लाया गया। इनमें से कई शव गल गये थे। इसलिए उन शवों को प्लास्टिक में सील कर दिया गया था। इसके बाद जुमार नदी के तट पर एक साथ 31 चिता सजाकर विधि-विधान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। गौरतलब है कि संस्था ने अब तक 1800 अधिक लावारिस शवों का अंतिम संस्कार किया है। शवों की पहचान के लिए पुलिस ने किया प्रयासः बता दें कि पुलिस ने इन 44 लवारिश शवों की पहचान के लिए काफी प्रयास किया। पुलिस ने कई बार विज्ञापन भी निकाला। लेकिन इन शवों की पहचान नहीं हो सकी। परिजनों की कोई खोज-खबर नहीं आने के बाद लंबे समय से रिम्स में रखे गये इन शवों को सामूहिक दाह संस्कार के लिए संस्था को सौंप दिया गया।



### भक्तों ने धूमधाम से मनाया गणेशोत्सव

**लोहरदगाः** गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर भक्तिमय रहा सेन्हा प्रखंड पंचायत ग्राम सेन्हा में श्रद्धा भाव से भक्तों ने किया आराधना। लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित रामनगर में भक्तों द्वारा धूमधाम से गणेश चतुर्थी का त्यौहार मनाया गया। रामनगर के अलावा सती मंदिर प्रांगण व ठाकुरबाड़ी में भी भक्तों द्वारा श्रद्धा भक्ति भाव से गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गयी। गणेश चतुर्थी पर्व के अवसर पर प्रखंड मुख्यालय में काफी चहल पहल देखी गयी। भक्तों के मन मंदिर में गणेश चतुर्थी को लेकर काफी उत्साह व चहल पहल देखी जा रही है। भगवान श्री गणेश जी का पूजन कर सुख, शांति, ऐश्वर्य तथा वैभव के लिए भक्तों ने कामना किया। साथ ही पर्व को लेकर महिलाओं व युवाओ में उमंग व उत्साह का माहौल देखा गया। मौके पर रोहित साहु, मिथलेश मिश्रा, नवल साहु, अंकित साहु, रामलगन महतो, रवि साहु, संदीप साहु, उज्वल शुक्ला, संतोष साहु, अवध साहु सहित अन्य भक्तजन शामिल थे।

## जेएससीए के एजीएम में नई चयन समिति का गठन, 16 खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित




**रांची :** झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) रविवार को जमशेदपुर के होटल द वेव इंटरनेशनल में संपन्न हुई। बैठक में कुल 446 सदस्य उपस्थित हुए। विदेश में होने के कारण बैठक में एमएस धोनी ऑनलाइन जूम के जरिए शामिल हुए। एजीएम में लगभग सभी एजेंडे को सर्वसम्मति से पारित किया गया। वहीं थोड़े विरोध के बीच 28 नए सदस्यों के चयन प्रक्रिया को कमिटी ने पास किया। एजीएम में नई चयन समिति का गठन किया गया, जिसमें हाल ही में क्रिकेट से संन्यास लेने वाले खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। साथ ही बीसीसीआई टूनामेंट में सभी आयु वर्ग के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज और गेंदबाजों को सम्मानित किया गया। जिसमें रणजी ट्रॉफी में विराट सिंह, अनुकूल रॉय, पुरुष अंडर 23 में शिखर मोहन, मनीषी, पुरुष अंडर 19 में वत्सल तिवारी, अभिषेक यादव, पुरुष अंडर 16 में चैतन्य बीर और ईशान ओम को सम्मानित किया गया। वहीं वूमेंस सीनियर में रश्मि गुड़िया, देवयानी प्रसाद, वूमेंस अंडर 23 में प्रियंका लूथरा, नेहा कुमारी साव, वूमेंस अंडर 19 में प्रगति कुमारी, पल्विका राठौर, वूमेंस अंडर 15 में कुमारी पलक और दिव्या राय को सम्मानित किया गया।

## कमर दर्द ठीक करने में फिज़ियोथेरेपी की भूमिका महत्वपूर्णः डॉ रजनीश बरियार

मेट्रों रेज



**रांचीः** सिनर्जी ग्लोबल हॉस्पिटल के फिजियोथेरेपी डिपार्टमेंट में वर्ल्ड फिज़ियोथेरेपी दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस बार वर्ल्ड फिज़ियोथेरेपी डे का थीम,रोल ऑफ फिज़ियोथेरेपी इन मैनेजमेंट एंड प्रिवेंशन इन लो बैक पैन था ।।जिसके विषय पर हमारे मुख्य अतिथि गण और प्रवक्ता ने अपने अपने विचारों को साझा किए। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ रजनीश कुमार ने बताया कि हेल्थ केयर प्रोफेशन में जितना इंपोर्टेंट रोल हमारा है उतना ही महापूर्ण रोल फि ज़ियोथेरेपी का है । सर्जरी के बाद पेशेंट को वापस दैनिक दिनचर्चा में लाने में फिज़ियोथेरेपी का पचास प्रतिशत का योगदान है। साथ ही डॉ राहुल सर जो हड्डी रोग विशेषज्ञ है उन्होंने भी बताया कि जीतने पेशेंट हमारे पास आते है उन में से अस्सी- नब्बे प्रतिशत मामला का मुख्य करण कमर दर्द से रिलेटेड ही रहता है जिसको ठीक करने हेतु हम फिज़ियोथेरेपी की सलाह देते ह। फि ज़ियोथेरेपी अ तिथि के रूप में मौजूद संध्या आर मेहता (आईपीएस, डीआइजी, सीआईडी) मैम ने भी फिजियोथेरेपी को लेकर अपने जीवन के अनुभव को शेयर किया कि कैसे फिजियोथेरेपी की हेल्प से पुराने कमर दर्द से राहत पाया और वापस से दर्द से निजात पाया। विशेष अतिथि लवली चौबे (स्वर्ण विजेता भारत) (लॉन बॉल) और कॉमनवेल्थ गेम्स ने भी बताया कि खेलने के दौरान उन्होंने फि ज़ियोथेरेपी के मदद से कैसे अपने सपनों को साकार किया । साथ ही गेस्ट के तौर पर डॉ कुमकुम विद्यार्थी ( सीनियर ज्ञानिकोलोजिस्ट )और डॉ संगीत सौरभ ( गंस्ट्रोलॉजिस्ट ) ने भी फि ज़ियोथेरेपी के जागरूकता हेतू अपने - अपने विचार प्रकट किए। आखिर स्पीकर के तौर पर डीबीपीआर के संस्थापक डॉ। रजनीश कुमार बरियार , डॉ। प्रियंका बरियार ने सभी अतिथियों को सौल और मेमेण्टो देकर उनका सम्मान किया । डॉ बरियार ने बताया कि हम कैसे अपने समाज के हर व्यक्ति को फि ज़ियोथेरेपी के एक्सरसाइज द्वारा हम उन्हें कमर के दर्द से दूर रख सकते है उनका बस एक ही उद्देश्य है कि समाज का हर व्यक्ति को स्वस्थ रहना है उनकी पूरी टीम कैसे इस कार्य में जुटी हुई है और अंत में डॉ सुभालक्ष्मी खटुआ ने वोट ऑफ थैंक्स देकर कार्यक्रम का समापन किया । डॉ सुभालक्ष्मी ने उन सारे मरीज का भी सम्मान किया और उन्हें शॉल और गुलदस्ता देकर उनका स्वागत भी किया गया। इस कार्यक्रम में महत्त्वपूर्ण योगदान जिन्होंने दिया वो डॉ।ज्योत्सना, डॉ। अफजल, डॉ।आर्यन, डॉ।राहुल, डॉ।नेहा, डॉ।शिवानी, डॉ।शीला, डॉ। धीरज, डॉ।मेहर, डॉ।सबाना , जौनुअल, निशांत, राज सिंह, संजू सिंह, डॉ नसीम, डॉ जावेद, डॉ हेमलता, सबीना, पिंकी सुशांत ने अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। सबलोगो ने फिजियोथेरेपी कि जागरुकता को लेकर कमर के दर्द के इलाज और इसके रोक थाम के बारे में बेहतरीन जानकारी दी।

## न्यूज ब्रीफ

### झारखंड आंदोलनकारियों का मशाल जुलूस कल

**रांची:** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा द्वारा 10 सितंबर को मशाल जुलूस शहीद स्थल जिला स्कूल प्रांगण से शाम 6:00 बजे निकाला जाएगा। यह मशाल जुलूस परमवीर अल्बर्ट एक्का चौक के पास 6:30 पर समाप्त हो जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने बताया कि झारखंड आंदोलनकारी के जेल जाने की बाध्यता समाप्त करते हुए राजकीय मान सम्मान अलग झारखंडी पहचान हमारे बेटे बेटियों को रोज रोजगार एवं नियोजन के सौ फीसद अधिकार की गारंटी करने एवं स्वाभिमान से जीने के अधिकार के तहत सम्मान पेंशन राशि 50-50 हजार रु. सरकार से देने की मांग को लेकर 11 सितंबर को आहुत झारखंड बंद करने के लिए किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारी पूरे जोश, जुनून, पुराने तेवर, अपनी पहचान व परंपरागत अस्त्र-शस्त्र के साथ मशाल जुलूस एवं झारखंड बंद करने को लेकर उतरेंगे।

### मेधावी बच्चों को भारतीय एकता कमेटी ने किया सम्मानित



**रांची:** भारतीय एकता कमेटी सामाजिक संस्था रांची के तत्वावधान में पढ़ने लिखने वाले तेज बच्चों को मेडल पहना कर सम्मानित किया गया। साथ ही बच्चों को लेज चिप्स और मंच चॉकलेट भी दिया गया । इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व वार्ड पार्षद गुलाम सरवर रिजवी उपस्थित थे। गुलाम सरवर रिजवी, सचिव रामेश्वर राम, मोहम्मद नौशाद उर्फ राजू ने बच्चों को अपने हाथों से मेडल पहना कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सभी बच्चों को दिल लगाकर पढ़ने की सलाह दी गई और पढ़ लिखकर बड़ा अफसर बने अच्छा इंसान बने और देश का नाम रोशन करें । भारतीय एकता कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने कहा कि बिना सरकारी मदद के भारतीय एकता कमेटी 33 वर्षों से शुभ कार्य कर रही हैं सरकार की ओर से कोई भी मदद अनुदान नहीं मिलता है। भारतीय एकता कमेटी को अनुदान ग्रांट देकर मदद करनी चाहिए सभी बच्चों को पढ़ लिखकर अच्छा इंसान बनने की बात कही सचिव रामेश्वर राम ने भी बच्चों को दिल लगाकर पढ़ने की अपील की और सभी बच्चों का उज्जवल भविष्य हो आज के इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व वार्ड पार्षद गुलाम सरवर रिजवी, संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा, सचिव रामेश्वर राम, तुषार राम, सरपरस्त मोहम्मद निसार हवारी, मोहम्मद नौशाद उर्फ राजू, मोहम्मद साहिल, मोहम्मद सज्जू, एलियस कश्यप, मोहम्मद अजमत मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### आरकेडीएफ विवि में स्वच्छता शपथ समारोह



**रांची:** आरकेडीएफ विश्वविद्यालय, रांची के होटल प्रबंधन विभाग में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्वच्छता शपथ समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभाग के छात्र, शिक्षक और स्टाफ ने मिलकर स्वच्छता की शपथ ली और स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने के लिए अपने योगदान का संकल्प किया। कार्यक्रम की शुरूआत विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज चटर्जी द्वारा की गई, जिन्होंने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला और यह बताया कि कैसे हम सभी अपने छोटे-छोटे प्रयासों से देश को स्वच्छ और स्वस्थ बना सकते हैं। उन्होंने कहा, स्वच्छता न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह हमारे मानसिक और सामाजिक विकास में भी सहायक होती है। शपथ के बाद होटल प्रबंधन विभाग के छात्रों ने विश्वविद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया और वहां उपस्थित लोगों को कचरा प्रबंधन के सही तरीकों के बारे में जागरूक किया। इस मौके पर विभाग के सभी छात्रों, शिक्षक और कर्मचारियों ने मिलकर स्वच्छता अभियान को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन या एक सप्ताह की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह हर दिन की आदत होनी चाहिए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एस. चटर्जी और कुलसचिव डॉ. अमित कुमार पांडेय ने इस पहल की सराहना की और इस तरह के प्रयासों को नियमित रूप से जारी रखने का आग्रह किया।

### सशक्त सेना, समर्थ भारत के तीन दिवसीय शौर्य प्रदर्शनी का समापन



**रांची:** सशक्त सेना,समर्थ भारत का तीन दिवसीय कार्यक्रम मोरहाबादी मैदान में संपन्न हुआ। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि राज्यपाल संतोष गंगवार द्वारा केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की उपस्थिति में किया गया था। उक्त कार्यक्रम में राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह भी शामिल हुए। इस अवसर पर सुनील कुमार सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भारत की सशस्त्र सेनाएं दुनिया में अपने शौर्य, पराक्रम और साहस के लिए जानी जाती है। इन सैनिकों की वीरगाथा इनका पराक्रम हम सुनते रहे हैं। यह पहला अवसर है जब रांची में सेना के कौशल, शौर्य और पराक्रम देखने का अवसर मिला। पूर्वी कमान की ओर नो योर आर्म्ड फोर्सज की थीम पर आयोजित देश की सबसे बड़ी रक्षा प्रदर्शनी ( डिफेंस एक्सपो 2024 ) का आयोजन रांची के मोरहाबादी मैदान में किया गया। यह प्रदर्शनी हमारे सेना के शौर्य, पराक्रम, साहस, शहादत और सेवा का प्रतीक है। युवाओं को प्रेरणा देती यह प्रदर्शनी देश सेवा का जज्बा पैदा करने वाली होगी। हथियार के मामले में देश आत्मनिर्भर हो रहा है। अत्याधुनिक हथियार जवानों को मिल रहे हैं। जो दुश्मनों पर भारी पड़ रहे हैं। श्री सिंह ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री देश की सुरक्षा को लेकर काफी गंभीर हैं। और सेना को हर अत्याधुनिक हथियार जैसे सुविधा से लैस करवा रहे हैं। प्रदर्शनी में नई पीढ़ी के उन्नत हथियार मौजूद रहे। कहा कि तीन दिवसीय कार्यक्रम के समापन पर आज सैन्य जवानों ने जो शौर्य, पराक्रम दिखाया है। वह प्रदर्शनी नहीं है, वह इस बात का प्रतीक है कि, यह अमृतकाल का भारत है। जहां की सेना बहुत मजबूत हो चुकी है। भारत किसी से डरता नहीं, अब आंखों में आंखें डालकर बात करता है। इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि उक्त कार्यक्रम में कमांडर जेके सिंह साहब से हमारी मुलाकात हुई। जब मैं उनसे मिला तो उन्होंने बड़े हीं गर्मजोशी से हाथ मिलाया और कंधे पर हाथ रखा। जिससे हम कह सकते हैं कि वह कमांडर हीं नहीं, एक नेक दिल इंसान भी हैं । इसके लिए मैं अपनी ओर से रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ जी, कमांडर जेके सिंह साहब, सैन्य अधिकारीयों तथा जवानों के प्रति आभार प्रकट करता हूं, सैल्यूट करता हूं, अभिनंदन करता हूं। विशेष कर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ जी को जिनके प्रयास से रांची में की गई सैन्य प्रदर्शनी के कारण रांची की युवा को सेना के बारे में नजदीक से जानने व समझने का अवसर मिला।

शिवराज सिंह ने झामुमो सरकार पर बोला हमला, कहा-

# वोट के लिए चलाया गया आबकारी कांस्टेबल भर्ती अभियान

**मेट्रो रेज**



**रांची:** केंद्रीय कृषि मंत्री और भाजपा के झारखंड चुनाव प्रभारी ने हेमंत सोरेन सरकार पर हमला बोला। शिवराज सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार ने वोट के लिए आबकारी कांस्टेबल भर्ती अभियान चलाया था। जिसमें 12 लोगों की मौत हो गई। विधानसभा चुनावों की तैयारियों का जायजा लेने रांची पहुंचे केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन ने पांच लाख नौकरियों का वादा किया था। वह समझ गए यह पूरा नहीं किया जा सकता। इसलिए चुनाव को देखते हुए उन्होंने युवाओं को 10 किमी तक दौड़ाया। इससे 12 युवाओं की मौत हो गई। उन्होंने कहा कि 10 किलोमीटर की दौड़ कहीं नहीं हुई।

शिवराज सिंह ने कहा कि बिना उचित व्यवस्था के हेमंत सोरेन सरकार ने वोट के लालच में युवाओं को गुमराह करने की साजिश रची। इसमें कई युवाओं की जान चली गई। चौहान ने आरोप लगाया कि सोरेन जानते थे कि इस वक्त भर्ती नहीं की जा सकती, चाहे कितने भी साक्षात्कार आयोजित कर लिए जाएं। उन्होंने आरोप लगाया कि युवाओं की मौत महज हादसा नहीं वोट के लालच में की गई हत्या है। झारखंड के युवा सरकार को कभी माफ नहीं करेंगे।

झामुमो ने आरोप लगाया कि 2016 में भाजपा शासन में मूल्यांकन नियम में संशोधन किया था। पार्टी के एक पदाधिकारी ने कहा कि झारखंड आबकारी कांस्टेबल कैडर (भर्ती और सेवा शर्तें) नियम 2013 में एक उम्मीदवार को 1.6 किमी या छह मिनट में एक मील दौड़ने का प्रावधान किया गया था। . झारखंड में 12 अगस्त को शुरू हुई आबकारी कांस्टेबल भर्ती शारीरिक परीक्षण अभियान को 12 युवाओं की मौत के बाद रोक दिया गया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 3 सितंबर से 5 सितंबर तक अभियान स्थगित करने के निर्देश दिए थे। 1.14 लाख उम्मीदवारों के लिए नया अभियान 10 सितंबर से शुरू होगा। इस अभियान में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को लेकर ऑक्सीजन के स्तर और रक्तचाप की निगरानी के लिए उपकरण, ओआरएस और फल मुहैया कराए जाएंगे। इस दौरान प्रतिदिन केवल 3,000 उम्मीदवारों का परीक्षण किया जाएगा और अभ्यास सुबह 8 बजे तक समाप्त हो जाएगा।

# नि:शुल्क कैंसर जांच शिविर का समापन




**रांची:** मारवाड़ी युवा मंच, रांची समर्पण शाखा द्वारा अध्यक्ष विनीत सिंघानिया के नेतृत्व में निशुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन संपन्न हो गया। यह शिविर हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक लगाया गया।

शिविर को रांची के कई जाने माने लोग उपस्थित रहे। जिसमें हमारे सौजन्य कर्ता के रूप में हमारे बीच स्वाति सिंघानिया, साथी ट्रेड फ्रेंड के ओनर प्रदीप चाचा की उपस्थिति रही। उद्घाटन कर्ता के रूप में हमारे बीच सिविल सर्जन सदर अस्पताल से प्रभात कुमार उपस्थित रहे, मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस महानिरीक्षक नौशाद आलम उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे मंच द्वारा सभी अतिथियों को अंगवस्त्र और पौधा देखकर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम सदर हॉस्पिटल के मेडिकल टीम के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस महानिरीक्षक नौशाद आलम ने कहा कि कैंसर को दूर भगाने के लिए हमें सही खान-पान की आवश्यकता है। साथ हीं उन्होंने रांची समर्पण शाखा के इस कार्य की सराहना की और कैंसर एक बहुत ही जान लेवा बीमारी है एवं शुरूवाती समय पर इसका पता लगाना इसके इलाज के लिए सबसे अधिक लाभदायक है। इसमें सदस्य आए सभी डॉक्टरों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। साथी रिबन काटकर इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान शिविर मे 70 से भी अधिक लोगों ने निशुल्क जाँच सेवा का लाभ उठाया। इसमें 50 महिलाओं के मैमोग्राफी टेस्ट किए गए। 60 लोगों ने पेप्स में टेस्ट भी कराया। कार्यक्रम का आयोजन ज्योति अग्रवाल, कृष्ण अग्रवाल और प्रीति अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम मे प्रांत मुख्यालय उपाध्यक्ष विशाल पड़िया को शाखा द्वारा अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर अध्यक्ष विनीत सिंघानिया पूर्व अध्यक्ष सुमिता लाठ, पूर्व अध्यक्ष मीना टाईवाला, सचिव शुभा अग्रवाल, स्मिता अग्रवाल, कृष्ण अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, कोमल पोद्दार, रितु पोद्दार,पूजा लहरिया, चंद्रकला आशा सर्राफ व अन्य शामिल थे। उक्त कार्यक्रम की जानकारी संर्पण शाखा के सचिव शुभा अग्रवाल ने दी।

### पांच दिवसीय गणपति महोत्सव का भव्य आयोजन



**रांची:** मंगल मूर्ति क्लब गणेश पूजा समिति बजरंग नगर ( हैदर अली रोड )जय नगर कोकर द्वारा

हर साल की भांति इस साल भी पांच दिवसीय गणपति महोत्सव का आयोजन किया गया है। भव्य लाइटिंग के साथ- साथ मेले का भी आयोजन किया गया है। बच्चों के लिए तरह-तरह के झूले आपको मिलेंगे । आज संध्या 6:00 से201 महिलाओं द्वारा बप्पा का महा आरती का आयोजन किया गया है उसके बाद भोग वितरण संध्या 7:00 बजे से भव्य जागरण का भी आयोजन किया गया है

आयोजन कर्ता: बसंत साव, अरविंद यादव, मनोज अग्रवाल , विक्रम सिंह , नीरज उपाध्याय , मनोज प्रसाद वर्मा, राहुल यादव, नितेश वर्मा , विकी बॉस , प्रदीप सिंह ,चंदन कुमार,वीरेन ,भगत,संतोष वर्मा ,मनीष अग्रवाल,विवेक सिंह,सुशांत सिंह, विकी बॉस, अंकुश, राहुल झा,मनोहर सिंह, सत्यनारायण, गुड्डू, अभिषेक यादव व अन्य । उक्त सारी जानकारी मीडिया प्रभारी रोहित सिंह ने दी।

### डॉ प्रशेन फिजियोथेरेपी व न्यूरो रेहबिलिटेशन में विश्व फिजियोथेरेपी दिवस धूम धाम से मनाया गया




**रांची:** डॉ प्रसेन फिज़ियोथेरेपी व न्यूरो रेहबिलाइटेशन के हेड फि ज़ियोथरपिस्ट डॉ रजनीश बरियार और डॉ प्रियंका बरियार ने सबसे पहले वर्ल्ड फि ज़ियोथेरेपी की सभी को बाधाई दी और उन्होंने राँची के प्रसिद्ध न्यूरोलॉजिस्ट डॉ प्रसेन रंजन को शौल और गुलदस्ता देकर उनको सम्मानित किया और बताया कि कमर दर्द में फि ज़ियोथेरपिस्ट की क्या भूमिका है और वह पेशेंट को कैसे ट्रीटमैंट कर के ठीक करते है और कैसे उन्हें उन्हें दर्द रहित जीवन जीने में मदद करते है और उन्होंने घर में रह कर कमर से रिलेटेड सभी तरह के एक्सरसाइज को बताया कि आप ये सारे एक्सरसाइज कर के अपने आप को कैसे स्वस्थ रख सकते है फिर डॉ प्रसेन रंजन ने सभी फि ज़ियोथेरिस्ट को वर्ल्ड फि ज़ियोथेरेपी दिवस की बधाई दीनार उन्होंने बताया कि न्यूरो से रिलेटेड जीतने भी कमर दर्द के पेशेंट आते है और उन्हें मेडिसिन के साथ साथ फि ज़ियोथेरेपी भी करवाना चाहिए वो बहुत ही जरूरी है क्योंकि जब तक मसल्स मजबूत भी होगा और जब तक उसकी प्रॉपर स्ट्रैचिंग भी होगी तब तक मरीज पूरी तरह ठीक नहीं हो सकता है और अंत में वोट ऑफ थैंक्स देकर डॉ सुभालक्ष्मी ने समारोह की समापन किया और वहा जीतने भी फि ज़ियोथेरपिस्ट और स्टाफ थे सभी का धन्यवाद किया। इस समारोह में डॉ प्रियंका बरियार, डॉ शीला, डॉ शिवानी , डॉ राहुल,डॉ नेहा, डॉ आर्यन, डॉ अफजाल, डॉ ज्योत्सना रत्नम, डॉ मेहर, डॉ शबाना, डॉ धीरज, रेखा , सुहेल, सुशांत, काशिफ , अताउल्लाह, मिनी, राहुल और भी बहुत सारे मेडिकल स्टाफ और मरीज उपस्थित थे। जिसमे डॉ प्रसेन रंजन ने अपने विचारों को साझा करते हुए कहा की कमर दर्द को ठीक करने में फिजियोथेरेपी की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।

### महिला से सोने का चेन छीन उपद्रवी हुए फरार

**रांची:** ओसीसी बांग्ला स्कूल लेन में देर रात 9:30 बजे के करीब एक महिला के गले से सोने का चेन खींचकर तीन उचक्के ओसीसी लेन की ओर फरार हो गए। चेन खींचे जाने पर महिला सहमी हुई है एवं जख्मी भी हो गई है। उसके गर्दन पर चोट आई है। बता दे कि महिला अपने पति के साथ फिरायालाल से होते हुए ओसीसी बांग्ला स्कूल लेन स्थित अपने घर पर जैसे ही मोटरसाइकिल से रुकी, उसी समय तीन मोटोसाइकिल सवार महिला के गले से सोने का चेन झपट कर फरार हो गए। इस संबंध में डेली मार्केट थाने में महिला द्वारा एक लिखित आवेदन दिया गया है।

# अनुभूति का विषय है समाधि: आचार्य कौशल



**रांची:**शिवानंद जयंती के शुभ अवसर पर योग मित्र मंडल, रांची द्वारा समाधि के विषय पर आनलाइन माध्यम से विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे नई दिल्ली के आचार्य कौशल ने समाधि विषय पर अपने विचार रखा। योग मित्र मंडल की सचिव

डॉक्टर परिणीता सिंह ने योग मित्र मंडल की गतिविधियों के बारे में बताते हुए कहा कि योग मित्र मंडल का उद्देश्य योग की सही और सटीक जानकारी देना है। साथ ही उन्होंने बताया कि योग मित्र मंडल गांव - गांव जाकर योग का प्रचार प्रसार करता है। आत्म कृति ने शांति पाठ से कार्यक्रम की शुरूआत की । डॉ परिणीता सिंह ने स्वामी शिवानंद सरस्वती का संक्षिप्त जीवन परिचय दिया। योग मित्र मंडल रांची के कोषाध्यक्ष शंकर सिंह ने शिवानंद भजन का गायन किया । बिहार स्कूल ऑफ योग मुंगेर के शिष्य राजेश ने कार्यक्रम के वक्ता का परिचय दिया और विषय प्रवेश कराया । इससे पहले योग मित्र मंडल रांची के अध्यक्ष आरके. कटारिया ने स्वागत भाषण दिया और बताया योग मित्र मंडल, राची की शुरूआत 2009 में हुई थी और यह बिहार स्कूल, मुंगेर के झारखंड की शाखा है।

आचार्य कौशल ने समाधि विषय पर कहां समाधि अनुभूति का विषय है. सभी दर्शन दुःख से शुरू करते है और सभी दर्शनों ने योग की प्रशंसा की है।

अधिकांश लोग के संसार में दुख से तो मुक्त होना चाहते हैं लेकिन मार्ग गलत अपना लेते हैं इंद्रियों की मौज की मार्ग अपना लेते हैं और इसलिए दुख और बढ़ता ही जाता है हमारा योग कहता है कि नहीं आत्म साक्षात्कार का मार्ग अपना कर इंद्रियों के नियंत्रण का मार्ग बताएं । योग आत्म साक्षात्कार की विधि बताता है

उन्होने बताया अपने आप में स्थित हो जाना ही समाधि है। समाधि दो प्रकार की होती है

संप्रज्ञात समाधि और असंप्रज्ञात समाधि और इसे सबीज और निर्बीज समाधि भी कहते हैं संप्रज्ञात समाधि के चार स्तर हैं वितर्क, विचार, आनंद और अस्मिता । कार्यक्रम का संचालन योग मित्र मंडल की सचिव डॉक्टर परिणीता सिंह ने किया और धन्यवाद ज्ञापन शंकर सिंह ने किया।

### सरकार अपना वादा पूरा करे नहीं तो होगा मुख्यमंत्री आवास का घेराव: अजय राय

**रांची:** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ गिरिडीह नॉर्थ डिवीजन के आमसभा बालगोविंद महतो की अध्यक्षता में पंचायत भवन पांडेडीह जमुआ में हुई। जिसमें झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

इस अवसर पर अजय राय ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 2019 के विधानसभा चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने वादा किया था कि जब वह सत्ता में आएंगे तब आउटसोर्स खत्म कर सारे कर्मियों को नियमित नियुक्ति देंगे मगर उनका वादा अभी तक दूर-दूर तक पूरा होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

17 सितंबर के बाद मुख्यमंत्री आवास का घेराव की तैयारी शुरू कर दी जाएगी और इसकी तिथि की घोषणा शीघ्र की जाएगी।

अजय राय ने कहा कि निगम के अन्दर बैठे हुए अधिकारी सुनियोजित सिंडिकेट बनाकर कर्मियों का शोषण कर रहे हैं और उनके मानदेय का भुगतान से लेकर करोड़ों के एरियर घोटाला किया है जिसका पदार्फाश श्रमिक संघ जल्द करेगा ।

# विक्की यादव बने रांची जिला दुर्गा पूजा समिति के नये अध्यक्ष, मुनचुन राय होंगे मुख्य संरक्षक

**मेट्रो रेज**




**रांची:** ज़िला दुर्गा पूजा की नयी समिति का गठन हो गया है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य दुर्गा पूजा का आयोजन किया जायेगा। जिसमें श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को प्राथमिकता दी जायेगी।

**समिति के सदस्य हैं:**

**मुख्य संरक्षक :** मुनचुन राय ,हीरालाल साहू,अशोक पुरोहित,अशोक चौधरी मुख्य सलाहकार: उदय प्रताप सिंह मुन्ना,

**संरक्षक:** आलोक साहू,रमेश गुप्ता,राजेश ठाकुर ,पंकज साहू,हेम सिंह,मनोज ठाकुर,उमेश कामदार,लल्लु सिंह, रवि रोहतगी, कुणाल अजमानी

**सह संरक्षक:** विश्वजीत बॉस, शैलेस्वर दयाल सिंह, अजय गुप्ता

**संयोजक:** मनोज गुप्ता

**अध्यक्ष:** विक्की यादव

**कार्यकारी अध्यक्ष:** राजेंद्र सिंह

**वरिष्ठ उपाध्यक्ष:** रमेश गोप,राहुल शर्मा

**सदस्यता प्रभारी :** राजकुमार महतो

**उपाध्यक्ष:** मनीष सिंह, राहुल गुप्ता,राकेश शर्मा, कमल गुप्ता, संजय सोनी, अमरेन्द्र सिंह,वीरू साहू, विनोद गोप, रवि सिंह, मिनी सिंह, विजय गुप्ता, राजीव चौधरी,आशुतोष वर्मा, मोनू विवेक,शुभम सिन्हा,रवि रोहतगी,मनीष श्रीमाली,अभिषेक चौधरी ,कन्हैया लाल भारतीया ,अंकित गुप्ता ,प्रेम सिंह,बैजू सोनी ,कौशल चौधरी,बैजू सोनी, संदीप गुप्ता

**महामंत्री:** कुंदन सिंह,अरविंद साह

**मंत्री:** आदर्श सिंह,किशन गोयल,धनंजय कुमार,पप्पू वर्मा,एकाश कुमार,भोला शर्मा, रितेश द्विवेदी, किसलय सानू( सानू झा), नरेश पंडित, साहित्य पवन,भोला झा,राहुल सिंह,रिक्की यादव, संजय गुप्ता, धनंजय सिंह, राजेश वर्मा,सत्यम ,मनीष राय सात्यादर्शी, सोखर प्रसाद, राजकिशोर प्रसाद,साहित्य पवन ,संदीप घोष,दीपक गुप्ता,आनंद कुमार,शशांक शर्मा ,अमित वर्मा ,आकाश वर्मा ,अमित वर्मा, विशाविजय गांगुली,अमित हर्षवीर ,नारायण साव ,उत्तम यादव, संजीव सिंह , अविनाश कुमार, प्रखर लोहिया, किशन मोदी, रोनित साहू

**मीडिया प्रभारी:** साजन सिन्हा,विवेक सिंह सह मीडिया प्रभारी: नीरज यादव, रिषभ अग्रवाल,नमन भारतीय ,स्वतंत्र गुप्ता

**प्रवक्ता:** मंटू लाला, दिलीप स्वर्णकार

**संगठन मंत्री:** शैलेंद्र यादव,आशुतोष सिंह

**कोषाध्यक्ष:** पवन मुरारका,

**कार्यसमिति सदस्य :** किशन गोयल,ज्योति शंकर साहू ,सुजाता भैया ,सुजाता मोदी

## सुविचार

**जीवन में एक छोटा सा फैसला भी आपको बहुत ही आगे या पीछे ला सकता है।**

## भारत निभा सकता है अहम भूमिका

**रूसी** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ईस्टर्न इकॉनमिक फोरम में यह महत्वपूर्ण संकेत दिया कि अगर यूक्रेन चाहे तो वह बातचीत की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने संभावित मध्यस्थ के रूप में भारत सहित कुछ देशों के नाम भी सुझाए। उनके इस बयान ने ढाई साल से चले आ रहे इस युद्ध की समाप्ति की संभावनाएं जगाई हैं। इसके साथ ही एक स्तर पर रूस की इस पेशकश को भारत के अब तक के स्वतंत्र और संतुलित नजरिए की पुष्टि के रूप में भी देखा जा सकता है। वैसे खुद पुतिन ने संभावित मध्यस्थ के रूप में तीन देशों- भारत, चीन और ब्राजील- के नाम लिए, लेकिन जैसा कि बाद में उनके प्रवक्ता की ओर से दिए गए बयान से साफ हुआ, इनमें भारत की भूमिका ही प्रमुख मानी जा रही है। रूसी राष्ट्रपति के प्रवक्ता ने इस तथ्य को रेखांकित किया कि भारत युद्ध में शामिल दोनों ही पक्षों से सीधे सूचनाएं हासिल कर इस प्रक्रिया को अगुआई देने की स्थिति में है। अन्य कोई देश इस स्थिति में नहीं दिख रहा। इसके पीछे भारत का दोनों ही पक्षों से सहयोगात्मक संबंध बनाए रखने का आग्रह, पीएम मोदी की दुनिया के नेताओं से बेहतरीन पर्सनल केमिस्ट्री डिवेलप करने की क्षमता और हर हाल में देश हित पर आधारित स्वतंत्र और संतुलित नीति पर टिके रहने की प्रतिबद्धता का जिक्र किया जा सकता है। ध्यान रहे, पिछले दो महीने के अंदर रूस और यूक्रेन दोनों देशों की यात्रा पर जाने वाले पीएम मोदी दुनिया के एकमात्र प्रमुख नेता हैं। पुतिन और वोलोदिमीर जेलेंस्की दोनों से मुलाकात में उन्होंने भारत को शांति का पक्षधर बताते हुए बातचीत शुरू करने का सुझाव दिया था। पुतिन से पहले यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की भी भारत से शांति प्रक्रिया को बढ़ावा देने का परोक्ष आग्रह करते हुए कह चुके हैं कि उसे अगले शांति सम्मेलन की मेजबानी करनी चाहिए। हालांकि उन्हें मालूम था और बाद में उन्होंने कहा भी कि मेजबानी वही देश कर सकता है, जिसने पहले शांति सम्मेलन के संयुक्त वक्तव्य में हस्ताक्षर किया हो। भारत शांति सम्मेलन में शामिल जरूर हुआ था, लेकिन संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से उसने इस आधार पर इनकार कर दिया था कि इसमें रूस की भागीदारी नहीं है। पॉजिटिव संकेत शुरू से भारत का यह स्पष्ट मत रहा है कि शांति की राह तभी खुल सकती है जब दोनों ही पक्ष इसके लिए तैयार हों और इस प्रक्रिया में भागीदारी करें। रूसी राष्ट्रपति का ताजा बयान निश्चित रूप से एक पॉजिटिव डिवेलपमेंट है, लेकिन यह महज शुरूआत है। हां, अगर यूक्रेन का रुख भी पॉजिटिव रहा तो दोनों पक्षों की सहमति बात को आगे बढ़ाने का एक ठोस आधार जरूर मुहैया करा सकती है।

## क्यों बढ़ रहे महिलाओं के खिलाफ अपराध

**कोलकाता** डॉक्टर केस आजकल चर्चा में है। पूरे देश को झकझोर देने वाले इस केस ने महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराध की डरावनी तस्वीर पेश की है। कोलकाता के उस आरजी कर अस्पताल केस के बाद पश्चिम बंगाल सरकार ने महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले में कानून को और सख्त बनाते हुए विधानसभा से 'अपराजिता बिल' पास किया है। लेकिन क्या कठोर कानून बन जाने भर से महिलाओं के खिलाफ अपराध में कमी आ जाएगी? राज्यसभा सांसद और सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल के मुताबिक, कानून सख्त होने के बाद भी अपराध हो रहे। इसे रोकने के लिए शिक्षा पर ध्यान देना होगा। उन्होंने महिलाओं के खिलाफ अपराध में पितृसत्तात्मक सोच और कास्ट सिस्टम की बड़ी भूमिका बताया। कपिल सिब्बल यू-ट्यूब पर एक शो करते हैं- दिल से विद कपिल सिब्बल। उनके यू-ट्यूब चैनल का नाम भी यही है। इसमें वह राजनीति, समाज, राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय मसलों पर हस्तियों के साथ बातचीत करते हैं, चर्चा करते हैं, इंटरव्यू लेते हैं। इस बार उन्होंने 'दिल से विद कपिल सिब्बल' शो में रेप, मैरिटल रेप, डोमेस्टिक वायलेंस जैसे महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों पर चर्चा की है। इस चर्चा में उनके साथ तीन महिला पैनलिस्ट शामिल हुईं- बैंकर चांदनी भारद्वाज, डेंटिस्ट सुधी रस्तोगी और ऐडवोकेट मनीषा सिंह जो सिब्बल की टीम का ही हिस्सा हैं। चर्चा के दौरान मनीषा सिंह ने महिलाओं के खिलाफ अपराध के पीछे पितृसत्तात्मक सोच को जिम्मेदार बताया। इस पर कपिल सिब्बल ने कहा कि पितृसत्तात्मक सोच के साथ-साथ कास्ट सिस्टम भी है। इनका मिश्रण है। डॉमिनेंट कास्ट (प्रभावशाली जातियां) सोचती हैं कि उन्हें तो अधिकार मिला हुआ है। मैं ये नहीं कह रहा कि सभी लोग ऐसे हैं लेकिन ऐसे लोग हैं। इस पर मनीष सिंह मैरिटल रेप की बात करते-करते जाति का ऐंगल बताने लगीं। उन्होंने कहा कि मैरिटल रेप के मामले सवर्णों में ज्यादा हैं। सवर्णों में जल्दी तलाक नहीं होता। आप तलाक मांग ही नहीं सकते जबकि दलित महिलाएं ऐसी स्थिति में तलाक ले लेती हैं। इस दौरान कपिल सिब्बल ने कहा कि जबतक महिलाएं सशक्त नहीं होंगी, जागरूक नहीं होंगी तबतक उनके खिलाफ अपराध में कमी नहीं आएगी। और ये तभी होगा जब वो शिक्षित होंगी। सिब्बल ने कहा कि सख्त कानून से भी कहीं ज्यादा जरूरी है महिलाओं के लिए अलग से यूनिवर्सिटी खोलना। उन्हें शिक्षित करना। कपिल सिब्बल ने कहा, 'कानून भी हैं। सजा भी होती है। कार्रवाई भी होती है। लेकिन मैंने देखा है कि कानून के बाद भी अपराध हो रहे हैं। घरेलू हिंसा और महिलाओं के खिलाफ अपराध हो रहे हैं। अगर आपके पास सख्त से सख्त कानून हैं तब भी ये अपराध हो रहे हैं।' चर्चा के दौरान सिब्बल ने कहा कि महिलाओं के खिलाफ अपराध के बहुत सारे मामले तो रिपोर्ट ही नहीं होते। घरेलू हिंसा और मैरिटल रेप जैसे अपराधों पर उन्होंने कहा, 'एक महिला की शादी हो गई। उसने बीए पास नहीं किया। उदाहरण के तौर पर कह रहा हूं। उसे मालूम है कि अगर कुछ ऐसी बात हो गई तो वह जाएगी कहां। आजकल माता-पिता कहते हैं कि हमने तो शादी कर दी, अब हमारे पास वापस नहीं आना। वो बेचारी न पैरेंट्स के पास जा सकती है, न किसी और के पास जा सकती है। वो तो फंस गई न। उसके साथ अगर कोई और भी ऐसा दुरुपयोग कर रहा है तो फैमिली कहती है कि इसको हम सामने कैसे लाएं। परिवार के सिर्फ बहुत ही हिम्मती लोग पुलिस स्टेशन जाते हैं और एफआईआर दर्ज कराते हैं।' महिला शिक्षा की वकालत करते हुए सिब्बल ने कहा, 'जबतक महिलाओं के लिए विश्वविद्यालय नहीं खोले जाएंगे, उन्हें उत्पीड़न से जूझना पड़ेगा। सबसे बड़ी चुनौती है महिलाओं को शिक्षित करना।...देहात की लड़कियां बेचारी खेतों में काम कर रही हैं तो शिक्षित कैसे होगी। आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि परिवारों को आर्थिक रूप से सक्षम बनाए ताकि वे शिक्षा पर ध्यान दे सके।

# युवा और कारोबारी क्यों कर रहे खुदकुशी

आप कोटा या फिर देश के किसी भी अन्य शहर में चले जाइये जहां मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों के साथ-साथ सिविल सेवाओं वगैरह के लिए कोचिंग संस्थान चल रहे हैं। वहां पर छात्र अत्यधिक दबाव और असफलता के डर से मनोवैज्ञानिक रूप से बहुत कष्ट की स्थिति में हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल कहते हैं कि हमें खुदकुशी के बढ़ते मामलों पर सिर्फ चिंता ही व्यक्त नहीं करनी। हमें इसे रोकना ही होगा। हमने युवाओं, कारोबारियों और अन्य लोगों के आत्महत्या करने के कारणों और इस समस्या के हल तलाशने के लिए विश्व आत्महत्या निवारण दिवस (12 सितंबर) को राजधानी दिल्ली में एक महत्वपूर्ण सेमिनार का भी आयोजन किया है

**आर.के. सिन्हा**

बीते सालों की तरह इस बार भी सारे देश ने 5 सितंबर को गर्मजोशी से अध्यापक दिवस मनाया। सोशल मीडिया पर तो अध्यापकों का उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए विशेष रूप से आभार व्यक्त किया जा रहा था। पर अब सुधी अध्यापकों, मनोचिकित्सकों और अन्य जागरूक नागरिकों को यह भी सोचना होगा कि नौजवानों का एक बड़ा वर्ग निराशा और नाकामयाबी की स्थितियों में अपनी जीवनलीला खत्म करने पर क्यों आमादा है। अब शायद ही कोई दिन ऐसा गुजरता हो जब अखबारों में किसी प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवा के खुदकुशी करने संबंधी दिल दहलाने वाला समाचार ना छपता हो। यह बेहद गंभीर मसला है और इस पर सारे देश को सोचना होगा। इसी तरह आजकल बिजनेस में घाटा होने के कारण भी आत्महत्या करने वालों की तादाद लगातार बढ़ रही है। अभी कुछ दिन पहले एक साइकिल बनाने वाली मशहूर कंपनी के अरबपति मालिक ने भी खुदकुशी कर ली थी।

पिछले साल 6 दिसंबर को लोकसभा में बताया गया था कि देश में 2019 से 2021 के बीच 35,000 से ज्यादा छात्रों ने आत्महत्या की। छात्रों के खुदकुशी करने के मामले 2019 में 10,335 से बढ़कर 2020 में 12,526 और 2021 में 13,089 हो गए। इसमें कोई शक नहीं है किसी भी हालत में किसी खास परीक्षा में सफल होने के लिए माता-पिता, अध्यापकों और समाज का भारी दबाव और अपेक्षाएं छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य पर घातक प्रभाव डाल रही हैं। राजस्थान का एक शहर है कोटा। यहां हर साल एक अनुमान के मुताबिक, हजारों नहीं लाखों छात्र-छात्राएँ देश के शीर्ष कॉलेजों में से एक में प्रवेश पाने की उम्मीद में कोटा पहुंचते हैं। इनके जीवन का एक ही लक्ष्य होता है कि किसी तरह आईआईटी/एनआईटी या मेडिकल की प्रवेश परीक्षा को क्रैक कर लिया जाए। आप कोटा या फिर देश के किसी भी अन्य शहर में चले जाइये जहां मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेजों के साथ-साथ सिविल सेवाओं वगैरह के लिए कोचिंग संस्थान चल रहे हैं। वहां पर छात्र अत्यधिक दबाव और असफलता के डर से मनोवैज्ञानिक रूप से बहुत कष्ट की स्थिति में हैं। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल कहते हैं कि हमें खुदकुशी के बढ़ते मामलों पर सिर्फ चिंता ही व्यक्त नहीं करनी। हमें इसे रोकना ही होगा। हमने युवाओं, कारोबारियों और अन्य लोगों के आत्महत्या करने के कारणों और इस समस्या के हल तलाशने के लिए विश्व आत्महत्या निवारण दिवस (12 सितंबर) को राजधानी दिल्ली में एक महत्वपूर्ण सेमिनार का भी आयोजन किया है, जहां पर मनोचिकित्सक, पत्रकार और सोशल वर्कर अपने अनुभवों के आधार पर अपने पेपर पढ़ेंगे। उन निष्कर्षों के बाद हम आगे की रणनीति बनाएँगे।

कुछ कोचिंग सेंटर चलाने वाले भी इस तरह के प्रयास तो कर रहे हैं ताकि छात्र बहुत दबाव में न रहें। राजधानी के एक कोचिंग सेंटर के प्रमुख ने बताया कि हम छात्रों की लगातार काउंसलिंग करते रहते हैं। उनके अभिभावकों के भी संपर्क में रहते हैं। कहा जाता है कि भारत में दुनिया भर में सबसे अधिक युवा आत्महत्या दर है। इस बीच, राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अनुसार, 2020 में हर 42 मिनट में एक छात्र ने अपनी जान दे दी। यह आंकड़ा सच में डराता है।

देखिए, नौजवानों को बिल्कुल रीलेक्स माहौल देना होगा माता-पिता और उनके अध्यापकों को, ताकि वे बिना किसी दबाव में पढ़ें या जो भी करना चाहते हैं, करें। हरियाणा के सोनीपत में सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल चलाने वाली दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी (डीबीएस) के अध्यक्ष और सोशल वर्कर ब्रदर सोलोमन जॉर्ज कहते हैं कि हम पूरी तरह से सुनिश्चित करते हैं कि हमारे स्कूल या सेंट स्टीफंस कॉलेज में पढ़ने वाले बच्चे बिना किसी दबाव में पढ़े-लिखे। हम अपने अध्यापकों की भी क्लास लेते हैं कि किसी भी बच्चे के साथ कक्षा में उसकी जाति न पूछी जाए और न ही उसके पिता की आय। कुछ गैर-जिम्मेदार अध्यापक अपने विद्यार्थियों से इस तरह के गैर-जरूरी सवाल पूछते हैं। फिर वे एक ही कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों की एक-दूसरे से तुलना भी करने लगते हैं। इस कारण वे जाने-अनजाने एक बच्चे को बहुत सारे बच्चों को कमजोर साबित कर देते है। जाहिर है, इस वजह से उस छात्र पर बहुत नकारात्मक असर पड़ता है जो कमतर साबित कर दिया गया होता है। इसी तरह के बच्चे कई बार निराशा और अवसाद में डूब जाते हैं।

देखिए बच्चे को पालना एक बीस वर्षीय प्लान है। कौन नहीं चाहता कि उसका बच्चा समाज में ऊंचा मुकाम हासिल करे, शोहरत-नाम कमाए? पर इन सबके लिए जरूरी है कि बच्चे को उसकी काबिलियत और पसंद के अनुसार मनचाहा करियर चुनने की आजादी भी दी जाए। यह एक कड़वा सच है कि हमारे समाज में सफलता का पैमाना अच्छी नौकरी, बड़ा घर और तमाम दूसरी सुख-सुविधाएं ही मानी जाती हैं।अफसोस कि हम भविष्य के चक्कर में अपने बच्चों को आत्महत्या जैसे कदम उठाने पर मजबूर करने लगे हैं। ब्रदर सोलोमन जॉर्ज कहते हैं कि हम अपने यहां बच्चों को इस बात के लिए तैयार करते हैं कि वे कठिन परिस्थितियों का भी सामना करें। असफलता से हार मान लेने से जीवन नहीं चलता। यह तो कायरता है। महान कवि पद्मभूषण डॉ. गोपालदास नीरज की पंक्तियाँ याद आ रही हैं, छुप-छुप अश्रु बहाने वालों, जीवन व्यर्थ लुटाने वालों, इक सपने के मर जाने से, जीवन नहीं मरा करता है। सफलता और असफलता का चक्र तो चला करता है, उसे स्वीकार करने में ही भला है।

जैसा कि मैंने ऊपर जिक्र किया कि बीते दिनों एक अरबपति बिजनेसमैन ने राजधानी के अपने भव्य बंगले में गोली मारकर सुसाइड कर लिया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। कहा जा रहा है कि बिजनेस में नुकसान होने के कारण ही साइकिल बनाने वाली कंपनी के मालिक ने आत्महत्या की। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों से पता चला है कि 2020 में जब कोविड की लहर ने व्यापार को तबाह कर दिया था। उस समय 11,716 व्यापारियों ने आत्महत्या की थी, जो 2019 की तुलना में 29% अधिक थी, जब 9,052 व्यापारियों ने अपनी जान ले ली थी।

कर्नाटक में 2020 में व्यवसायियों द्वारा आत्महत्या से सबसे अधिक मौतें (1,772) दर्ज की गईं - जो 2019 से 103% अधिक है, जब राज्य में 875 व्यवसायियों ने अपनी जान ले ली थी। महाराष्ट्र में 1,610 व्यवसायियों ने आत्महत्या की, जो पिछले वर्ष से 25% अधिक है और तमिलनाडु में 1,447 व्यवसायियों ने अपनी जान ली, जो 2019 से 36% अधिक है। यह सबको पता है कि भारत के व्यवसायी समुदाय का बड़ा हिस्सा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों से जुड़ा है, जो बड़े झटकों को सहन नहीं कर पाता है। इसके चलते कई कारोबारियों ने कर्ज में डूबने या बिजनेस में नुकसान के कारण आत्महत्या कर ली। लब्बोलुबाव यह है कि भारत में युवाओं और कारोबारियों के साथ-साथ अन्य लोगों की आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं को भी प्रभावी ढंग से रोकना होगा।

**(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

# सनातन मानबिन्दुओं, आराध्यों की अवमानना का कुचक्र कब तक

कितनी ऐसी फिल्में बनीं जिनमें आदर्श पौराणिक पात्र नारद जी को विदूषक की भाँति प्रस्तुत किया गया। एक फिल्म में नायक शिवमंदिर जाकर भगवान शिव को खरी-खोटी बातें सुनाता है। कितनी फिल्मों में पुजारियों की प्रस्तुति ऐसी हुई है मानों वे ढोंगी और पैसे ठगने वाले हों, अनेक फिल्मों में ठाकुरों को शराबी और शोषण कर्ता जैसी प्रस्तुति हुई। एक फिल्म में बनारस के गंगा घाट के एक पंडा का चरित्र कुछ ऐसा प्रस्तुत हुआ जो पूजा के बहाने श्रद्धालुओं की लूट और हत्या करता है।

**आर शर्मा**

स्वाधीनता के 77 वर्ष बाद भी सनातन धर्म के मानबिन्दुओं, परंपराओं, मान्यताओं और आराध्यों की अवमानना का कुचक्र रुकने का नाम नहीं ले रहा। हाल ही में एक वेब सीरीज रिलीज हुई है जिसमें कंधार विमान अपहरण कांड के आतंकवादियों के नाम 'भोला' और 'शंकर' रखे गये हैं। विरोध के बाद निमार्ता ने नाम बदलने की घोषणा कर दी। लेकिन इस सीरीज ने एक बार फिर सनातन विरोधी मानसिकता को उजागर किया है।

सनातन धर्म के प्रतीकों और आस्था स्वरूपों को अपमानित करने का अभियान सल्तनतकाल में आरंभ हुआ था। तब न केवल मंदिर और आस्था के प्रतीकों को ध्वस्त किया गया था अपितु हेयतम प्राणियों के नाम सनातन परंपरा के आराध्यों और अवतारों का नाम पर रख कर परिहास करने के विवरण इतिहास के पन्नों में मिलते हैं। सल्तनतकाल बीता, अंग्रेजीकाल आया। अंग्रेजीकाल में मंदिर, मूर्तियों या अन्य आस्था के प्रतीकों का विध्वंस तो रुका लेकिन अवमानना का कुचक्र यथावत रहा। अब यह बौद्धिक स्तर पर आरंभ हुआ। अंग्रेजीकाल में इतिहास और साहित्य रचना कुछ ऐसी शैली में हुई जिससे सनातन परंपराएँ और आदर्श के पात्र परिहास अथवा घृणा का कारण बनें। ऐसी कहानियाँ लिखीं गईं, कविता और एकांकी तैयार हुये, कुछ फिल्मों का निर्माण हुआ। इनमें सोच-समझकर ऐसा कथानक तैयार किया गया जिसमें भारतीय मानबिन्दु विवादास्पद बनें अथवा हास्यास्पद ताकि जन सामान्य उनसे दूर हो।

कितनी ऐसी फिल्में बनीं जिनमें आदर्श पौराणिक पात्र नारद जी को विदूषक की भाँति प्रस्तुत किया गया। एक फिल्म में नायक शिवमंदिर जाकर भगवान शिव को खरी-खोटी बातें सुनाता है। कितनी फिल्मों में पुजारियों की प्रस्तुति ऐसी हुई है मानों वे ढोंगी और पैसे ठगने वाले हों, अनेक फिल्मों में ठाकुरों को शराबी और शोषण कर्ता जैसी प्रस्तुति हुई। एक फिल्म में बनारस के गंगा घाट के एक पंडा का चरित्र कुछ ऐसा प्रस्तुत हुआ जो पूजा के बहाने श्रद्धालुओं की लूट और हत्या करता है। इन सबका उद्देश्य सनातन समाज को अपने मूल से दूर करना था।

इतिहास और साहित्य में एक ओर सनातन प्रतीकों पर आक्षेपात्मक प्रस्तुतियाँ हुईं। इस सबका उद्देश्य भारत को कमजोर करना था। सल्तनतकाल गया, अंग्रेजीकाल भी गया लेकिन यह कुचक्र न रुक सका। दीपावली आने पर प्रदूषण बचाने की बात हो, होली पर पानी बचाने का अभियान चले या मंदिरों के स्थान पर अस्पताल बनाने का सुझाव आये। आधुनिकता अथवा मानवीय आदर्श के बहाने केवल सनातन परंपराओं, प्रतीकों और आस्था पर ही प्रश्न उपस्थित होते रहे हैं। इतिहास और साहित्य में एक ओर सनातन प्रतीकों पर आक्षेपात्मक प्रस्तुतियाँ हुई और दूसरी ओर क्रूरतम अपराधियों और आतंकवादियों के कारनामों को ढंकने के प्रयास हुए। वर्ष 1921 में मालाबार में हिन्दुओं के सामूहिक नरसंहार को शोषण के विरुद्ध संघर्ष बताकर हत्यारों को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बताने का प्रयास हो या मुम्बई हमला, मालाबार ब्लास्ट आदि घटनाओं में आतंकवादियों के बजाय निर्दोष नागरिकों को फंसाने का कुचक्र भी निरंतर चल रहा है।

इसी कुचक्र को आगे बढ़ाने वाली अब एक वेब सीरीज आई है। यह वेब सिरीज वर्ष 1999 के कंधार विमान अपहरण पर आधारित है। वर्ष 1999 में आतंकवादी एक भारतीय विमान का अपहरण करके कंधार ले गये थे। तब इस घटना ने पूरे देश को आक्रांत कर दिया था। विमान का अपहरण करने वाले आतंकवादियों के नाम इब्राहिम अख्तर, शाहिद अख्तर, सनी अहमद, जहूर मिस्त्री और मोहम्मद शाकिर थे। पूरी दुनिया को स्तब्ध करने वाले इस विमान अपहरण कांड पर अब द कंधार 'आईसी 814'नामक यह वेब सीरीज तैयार की गई है जो 29 अगस्त को सोशल मीडिया पर देखी गई। इसका निर्देशन अनुभव सिन्हा ने किया है। इस सीरीज में विमान अपहरण करने वाले आतंकियों के असली नाम नहीं दिये गये। उनके स्थान पर अपहरण करने वाले आतंकवादियों के नाम 'भोला' और 'शंकर' गये हैं। सीरीज की प्रस्तुति ऐसी है जिसमें ये दोनों अपहरणकर्ता एक-दूसरे को 'भोला' और 'शंकर' नाम कई बार संबोधित करते दिखाये गये हैं। जबकि मीडिया की खबरों के अनुसार अपहरण के दौरान तब अपहरण कताओं ने एक-दूसरे के नाम नहीं लिये थे। लेकिन इस वेब सीरीज में दोनों अपहरणकर्ता बार-बार एक-दूसरे का नाम ले रहे हैं। सीरीज के सामने आते ही इसका विरोध हुआ। इस विरोध प्रदर्शन के बाद निमार्ताओं ने नाम बदलने की घोषणा कर दी। किन्तु यह आश्वासन नहीं दिया कि वे आतंकवादियों के सही नाम देंगे।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# बचपन से ही हो संस्कारों का बीजारोपण

**संस्कार**

यदि आरंभ से ही बच्चों को अच्छे संस्कार मिले तो उनमें सद्गुणों का विकास होता है और वह अपनी संस्कृति और परिवार से जुड़ता है। अच्छे संस्कार जीवन को उचित दिशा देते हैं। बच्चों में शिक्षा के साथ ही संस्कारों का बीजारोपण होना चाहिए। संस्कारों के बिना शिक्षा अधूरी है। बच्चों को सुसंस्कारित करना परिवार के बड़े सदस्यों की जिम्मेदारी है, साथ ही समाज के प्रतिष्ठित लोगों का कर्तव्य है। राजस्थान के उदयपुर से आए कथावाचक पुष्करदास ने यह बात कही। वे यहां हुब्बल्ली (कर्नाटक) के गब्बुर गली स्थित श्री रामदेव मंदिर परिसर में कथा श्रवण करा रहे थे। 15 दिवसीय श्रीमद्भागवत, राम कथा एवं नानी बाई रो मायरो का बुधवार को समापन हुआ। रामदेव मरुधर सेवा संघ हुब्बल्ली के तत्वावधान में आयोजित कथा के दौरान कथावाचक पुष्करदास ने कहा, शिक्षा से पहले संस्कार की आवश्यकता है। बच्चों को घर से ही संस्कार देना शुरू कीजिए। बच्चे के बड़े होने पर संस्कार देना मुश्किल हो जाता है इसलिए बाल्यावस्था से ही संस्कार का बीज बोना आवश्यक है।

**बच्चों को प्रभावित करते हैं संस्कार**

संस्कारों से ही दया, करुणा, प्रेम, परोपकार आदि से स्वयं का जीवन सजाने वाला व्यक्ति महान बन जाता है। जबकि जीवन में यदि संस्कार और मयार्दा नहीं है तो व्यक्ति का पतन निश्चित है। परिवार और माता-पिता के संस्कार बच्चों को प्रभावित करते हैं। परिवार में नियम की तरह पीढ़ी-दर-पीढ़ी जो संस्कार बच्चों तक पहुंचते हैं उसका गहरा प्रभाव उनके व्यक्तित्व पर पड़ता है। बड़ों के पैर छूना, सिर झुकाकर प्रणाम, प्रातः जल्दी उठना, गरीबों की मदद करना, घर के बुजुर्गो की सेवा करना आदि संस्कार हमें अपने परिवार से ही मिलते हैं। बच्चों में नैतिक शिक्षा देने का काम हो। कथावाचक पुष्करदास ने कहा, आज के इस बदलते परिवेश में समय निकालकर बच्चों को संस्कारवान बनाना यज्ञ करने के समान है। आदर्श समाज की स्थापना संस्कार से ही शुरू हो सकती है और संस्कार जन्म से ही डाला जा सकता है। अच्छे संस्कार जीवन को उचित दिशा देते हैं। बाल्यावस्था में अनुशासन के संस्कार का बीजारोपण होना आवश्यक है। अगर बचपन में बच्चों को अच्छे संस्कार दिए गए तो वह पूरे जीवन उसके साथ रहते हैं और चाहकर भी गलत काम नहीं कर पाता। खिलौने और किताबें व्यवस्थित ढंग से निश्चित स्थान पर रखना सरीखे संस्कार बच्चों को व्यवस्थित और स्वावलंबी बनाते हैं।

## सेहत

### वेट लॉस करना जरूरी

**आज** के समय में ज्यादातर लोग मोटापे से परेशान हैं। खराब जीवनशैली और गलत खानपान की वजह से मोटापा बढ़ने लगता है। इस मोटापे की वजह से पर्सनैलिटी पर प्रभाव पड़ता है। इतना ही नहीं, ज्यादा वजन के कारण कई खतरनाक बीमारियां होने लगती है। अगर आप ने सही समय पर वेट कम नहीं किया तो यह आपके लिए मुसीबत बन जाएगा। वेट लॉस करने के लिए आपको ज्यादा कुछ नहीं करना बस नींबू और शहद का पानी पीने के काफी फायदा होगा। आइए जानते हैं नींबू और शहद का पानी कैसे वजन कम करता है। दरअसल, वजन घटाने के लिए नींबू और शहद के पानी का सेवन करने की सलाह हेल्थ एक्सपर्ट देते हैं। गुनगुने पानी में नींबू का रस और शहद मिलाकर पीने से वजन कंट्रोल होता है। वहीं, शरीर का एक्स्ट्रा फैट भी बर्न होता है। नींबू और शहद का पानी पीने से मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है। आप इस पानी को सुबह, दिन या रात, किसी भी समय पर ले सकते हैं। अगर आप वजन घटाना चाहते हैं, नींबू और शहद का पानी सुबह खाली पेट पी सकते हैं। अगर आप रोज सुबह खाली पेट नींबू और शहद का पानी पीने से वजन घटाने में मदद मिलेगी।

**डॉ. अमित कुमार**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### जर्जर पथ को दुरुस्त करने की मांग

**शिकारीपाड़ा:** आदिकाल से जर्जर एवं पक्की सड़क से वंचित ग्राम काड़ाकाटा के आदिम जनजाति समुदाय के आग्रह पर रविवार को समाज सेवी हाबिल मुर्मू सह आगामी विधानसभा चुनाव के संभावित निर्दलीय उम्मीदवार ने काड़ाकाटा के ग्रामीणों की सुधि ली और पड़ोसी ग्राम धरमपुर मोड़ से ग्राम काड़ाकाटा तथा छातुपाड़ा (तकरीबन दूरी-4 किमी) तक जर्जर पथ का जायजा लिया।

काड़ाकाटा ग्राम के ग्रामीणों ने आदिकाल से अपने दैनिक आवागमन के दुखद दास्तान को सुनाते हुए कहा कि हमें जानबूझकर विकास से वंचित किया जा रहा है। पड़ोसी ग्राम धरमपुर मोड़ से काड़ाकाटा-छातुपाड़ा तक जर्जर पथ होने के कारण दैनिक आवागमन और बीमार व्यक्तियों को अस्पताल तक ले जाने में ऐंबुलेंस सेवा नसीब नहीं हो पाता है। हमें आज भी किस्मत के भरोसे जीने के लिए मजबूर होना पड़ता है। ग्राम काड़ाकाटा से सिमानीजोर पंचायत सचिवालय और सरकारी राशन दुकान, कौड़ीगढ़ जाने के लिए तकरीबन पंद्रह किलोमीटर दूरी की घुमावदार रास्ता पर निर्भर होना पड़ता है। ग्राम काड़ाकाटा के गर्भवती व धात्री माताओं और बच्चों को दो किलोमीटर की दूरी पर अवस्थित पड़ोसी ग्राम धरमपुर जाना पड़ता है। जिससे वे ससमय पोषाहार और सेवा-सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं।

इस दरम्यान समाज सेवी हाबिल मुर्मू ने काड़ाकाटा ग्राम के ग्रामीण महिला-पुरूषों के साथ मिलकर जर्जर ग्रामीण पथ का जायजा लिया और नारे लगाकर जिला प्रशासन से यथाशीघ्र धरमपुर मोड़ से भाया काड़ाकाटा-छातुपाड़ा तक तकरीबन 4 किलोमीटर पक्की सड़क निर्माण कराने की माँग की गई। ज्ञात हो कि धरमपुर मोड़ से काड़ाकाटा- छातुपाड़ा तक सड़क निर्माण कराये जाने पर ग्रामीणों की आवागमन दूरी को अत्यधिक कम किया जा सकता है। महिलाओं ने ग्राम काड़ाकाटा पर मिनी आँगनबाड़ी केन्द्र स्थापना कराने की अतिरिक्त विशेष माँग की।

इस मौके पर समाज सेवी हाबिल मुर्मू ने जिला प्रशासन से यथाशीघ्र आदिम जनजाति ग्राम काड़ाकाटा के लिए पक्की सड़क निर्माण करने, मिनी आँगनबाड़ी केन्द्र स्थापना करने और उन्हें विकास से जोड़ने का विशेष पहल करने का माँग किया।

इस मौके पर ग्रामीण कृष्ण देहरी, पोके देहरी, रविन्द्र देहरी, सिंघाई गृही, गोरा देहरी, बुधनी रानी, ममता रानी, सुखी रानी, बड़ा रावड़ी रानी, जोसेफ किस्कू, धरबेन मुर्मू सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

### शिकायत मिलने पर किसी को बक्सा नहीं जाएगा : सिविल सर्जन

**साहिबगंज :** सिविल सर्जन साहिबगंज डॉक्ट प्रवीण कुमार संथालिया के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरियो के अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेंद्र पहाड़पुर का सोमवार की सुबह औचक निरक्षण किया।निरीक्षण के क्रम में ओपीडी पंजी,दवा की उपलब्धता, एएनएम , एमपीडब्ल्यू की उपस्थिति एएनसीआर ,आर आई एवं संस्थान मे साफ -सफाई आदि का अवलोकन किए । और सभी स्वस्थ करने को समय पर आए नहीं तो पकड़े जाने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी अभी का ऐसा माहौल है की डेंगू मलेरिया एवं डायरिया का प्रकोप जारी है। अगर किसी भी प्रकार की शिकायत हमें मिला तो उसे उसे स्वास्थ्य कर्मी को बक्सा नहीं जाएगा इस निरीक्षण में कई स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा की आयोजित बैठक संपन्न

**जामा।** प्रखंड परिसर में रविवार को झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के बैनर तले प्रखंड अध्यक्ष देवान टुडू की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष निरंजन सोरेन ने कहा कि अगामी 20 सितंबर को दुमका गांधी मैदान से लेकर दुमका इंडोर स्टेडियम तक रैली सह विराट महाजुटान हमलोग करने जा रहे हैं। कारण यह है कि हमलोगों का आंदोलन वर्ष 2012 से लगातार जारी है लेकिन सरकार सरकार द्वारा कोई इसमें कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है यदि हमलोगों का मान सम्मान, पेंशन आवास एवं 5 प्रतिशत आरक्षण नहीं मिला तो हमलोग चक्का जाम एवं मुख्यमंत्री का आवास में हमलोग धरणा पर बैठेंगे। इस मौके पर रसिका मुर्मू, जगदीश राउत, रसिक टुडू, मताल हेम्ब्रम, मानेश्वर मुर्मू, दिवीलाल मरांडी, होपना टुडू, पकु सोरेन, कर्मिला बास्की, प्रेमलता हेम्ब्रम, मंडल हेम्ब्रम, भागीरथ राउत, सलोचना रानी, छोटका मुर्मू सहित दर्जनों आंदोलनकारी मौजूद थे।

### टैंकर की चपेट में आने से सास और दामाद गंभीर रूप से घायल

जामा। थाना क्षेत्र के मनकाचक के पास एक तेज रफ्तार टैंकर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार सास और दामाद गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना उस वक्त हुई जब जामा थाना क्षेत्र के छैलापाथर पंचायत के उपरबहाल गांव निवासी सुशील रौशन हेम्ब्रम अपनी सास को बस स्टॉप पर छोड़ने के लिए मोटरसाइकिल से निश्चितपुर चौक जा रहे थे। घटना सुबह करीब 8:30 बजे की है, जब मुख्य सड़क पर पहुंचते ही पीछे से आ रहे टैंकर ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में सुशील रौशन का एक पैर बुरी तरह जख्मी हो गया, जबकि उनकी सास को कमर में गंभीर चोटें आई हैं। घायल अवस्था में दोनों को तुरंत दुमका के फूलो झानों मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी मिलने पर जामा थाना पुलिस ने टैंकर वाहन नंबरः एनएल 01 ए ए 0112 को जब्त कर लिया है, हालांकि टैंकर चालक मौके से फरार हो गया। इस बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रामकृष्ण हेम्ब्रम ने अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की और अस्पताल प्रशासन से उनके समुचित इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

### गणेश पूजा धूमधाम से संपन्न

**जामा।** प्रखंड अंतर्गत स्थित सुगनीबाद पूजा पंडाल में रविवार को जामा चौक पर नवयुवक कमेटी के युवाओं के द्वारा रविवार को गणेश पूजा का महाप्रसाद वितरण किया। इस दौरान नवयुवकों के बीच उत्साह का माहौल देखा गया। इस मौके पर बिपुल कुमार, नवल किशोर, दीपक सिन्हा, दिवाकर यादव, चंदन यादव, अमित कुमार, सोहित, कुन्दन, राहुल अमूल, साहिल, सूरज, पिंकू, नितिन, टूया, राजकिशोर, राहुल, अभिजीत, बिट्टू, मनीकांत, मिठू, पंकज, लड्डू, प्रिंस, शिवम आदि मौजूद थे।

### रक्तदान शिविर संपन्न

दुमका। बंगाली एसोसिएशन दुमका के बैनर तले रविवार को ब्लड बैंक दुमका में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. इस शिविर में सुशील वरन चक्रवर्ती, मनोज कुमार नाग, नीरज कुमार नाग, स्वरूप सेन गुप्ता, स्मिता दास, शेखर गन,कावेरी दत्ता, अबरारुल नाग, विपुल यादव, इशिका दत्ता, नित्य गोपाल गोस्वामी, मोहन दास, शिबा दास, सचिन रजक आदि ने रक्तदान किया.

कार्यक्रम को सफल बनाने मेंशन बंगाली एसोसिएशन दुमका की अध्यक्षा वाणी सेनगुप्ता, पूर्व नगर परिषद् अध्यक्षा डॉ.अमिता रक्षित, छाया गुहा,अनामिका गण, स्वप्न बनर्जी , प्रबाल दास,श्वेता चक्रवर्ती,अर्पिता नाग. डॉ.मनोज कुमार घोष,सुब्रत सिंह, सुष्मिता दे,कावेरी गुहा, पूर्वी नाग, प्रभात चक्रवर्ती, उज्जल गुहा, सुभाष मंडल, तरुण बनर्जी, उज्जवल दत्त, सुजाता दत्ता एवं ब्लड बैंक के डॉ.अमित एवं प्रकाश आदि मौजूद थे.

# शहीद एसआई का पार्थिव शरीर गांव पहुंचते ही मचा चीत्कार

## राजेश यादव को एक नजर देखने उमड़ी भीड़

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शोभनपुर भट्ठा गांव में पूर्व सरपंच स्व. राम लगन यादव का का पुत्र एसआई राजेश यादव का पार्थिव शरीर रविवार की सुबह 10 बजे पैतृक आवास पहुंचने के साथ माहौल गमगीन हो गया। चारों तरफ रोने की आवाज से माहौल पुरी तरह बदल गया। राजेश यादव का दर्शन को लेकर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। पार्थिव शरीर घर पहुंचने के साथ सारी तैयारी स्वजनों ने कर ली थी। विधि विधान के बाद शहर के मुनिलाल शमशान घाट के लिए रवाना हो गए। शव यात्रा में करीब 400 लोगों ने भाग लिया। नम आंखों से घाट तक पहुंचाया।

मुनिलाल शमशान घाट पर बिहार के गोपालगंज स्थित भोरे थाना से पहुंचे एसआई, हवलदार सहित सिपाहियों ने गार्ड आफ आनर से सम्मानित किया। हथियार को झुका गया व दो मिनट के लिए आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया गया। तिरंगा से शव को ढ़का गया और आदर सम्मान के साथ एसआई ने उठा स्वजन को सुपुर्द कर दिया। एसआई राजेश यादव को पुत्र प्रिंस कुमार उर्फ भोला ने मुखाग्नि दिया। मौजूद लोगो ने



राजेश यादव के साथ बिताए हुए पल को याद कर आंख भर लेते थे। राजेश यादव के कई दोस्त पहुंचे हुए थे। हर लोगो ने कहा कि दिल का साफ आदमी थे। हर किसी से राह चलते समाचार पूछते रहते थे। बच्चों को विशेष लगाव था। बच्चों के साथ खेलना व तंग करना उनका आदत था। इस मौके पर गोपालगंज से पहुंचे एसआई अरविंद प्रसाद यादव, हवलदार सुरेश उरांव, सिपाही में अमल कुमार दास, धनराज यादव, शिवनारायण चौधरी व जिप उपाध्यक्ष सुनील यादव सहित सैकड़ों लोग पहुंच हुए थे।

**डीसी ने लिया संज्ञान**

डीसी हेमंत सती ने मामला की जानकारी मिलने के साथ संज्ञान लिया। मानवता का मिसाल कायम किया। जानकारी मिली कि जिला का एसआई की मौत हुई है। एसपी को जानकारी देकर मुफस्सिल थाना को स्काट के लिए बोला गया। जैसे ही झारखंड सीमा में फोर्स की गाड़ी प्रवेश होने के साथ थाना की पुलिन सात साथ चलने लगी। शमशान घाट तक स्काट आगे आगे चलकर रास्ता खाली कराते हुए अपनी कर्तव्य का निर्वहण किया। शहीद के भाई अजय यादव, संजय यादव, मनोज यादव, कमलेश यादव ने डीसी का आभार प्रकट किया।बिहार के सिपाही हुए बिहोश गोपालगंज से साथ में चले सिपाही शिव नारायण चौधरी अचानक खड़े खड़े गिर गए। संयोग था कि पक्की सिढ़ी पर नहीं गिरकर बगल में मिट्टी पर गिर गए। ग्रामीणों ने पंखा हांका और ओआरएस पिलाया। होश में आने के बाद सिपाही ने बताया कि दो दिन से सोए नहीं है। शुक्रवार की रात पूजा में ड्यूटी में था। शनिवार को साहिबगंज के लिए चल दिए। धूप का भी असर पड़ा कि हम बेहोश हो गए। ईश्वर का लाख लाख शुक्र है कि लोगो ने प्राथमिक उपचार कर ठीक कर दिया।गोरतलब है कि राजेश यादव हर दिन की तरह शनिवार को गश्ती में निकले थे। अचानक दिल का दौरा पड़ा गया। साथ के सिपाहियों ने भोरे थाना तक राजेश को लेकर पहुंचे। आलाधिकारी को बताया गया । इधर भोरे थाना से रेफलर अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टक ने ईलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया। राजेश यादव दो सितंबर को ड्यूटी के लिए निकले थे। यह गोपालगंज जिला के भोरे थाना में एसआई के पद पर थे। सिपाही से प्रोमोशन मिलने के बाद एसआई बनने का गौरव प्राप्त हुआ था। अभी नौकरी पांच साल बचा हुआ था। अपने पीछे दो बेटी, एक बेटा, पत्नी , बूढी मां व सगे संबंधियों को छोड़ दिए। बड़ी बेटी का शादी मिचाचौकी स्थित फौजदारी किए है। दो संतान अभी नाबालिग है।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला समन्वय समिति की बैठक



मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समहरणालय सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक संपन्न हुई।बैठक में सर्वप्रथम जिला में अवैध घुसपैठ की रोकथाम के लिए बनाए गए रणनीति एवं उसपर किया गया प्रयास के विषय में जानकारी ली। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिला में कोई भी व्यक्ति रेन्ट पर रहने आते हैं तो उन व्यक्तियों को उनका स्थाई पता का सत्यापन करने को कहा एवं जिला के मदरसों में बाहर से आने व्यक्तियों का सत्यापन करने का निर्देश दिया।जिला में बढते सड़कों पर जाम की समस्या को लेकर निर्देशित करते हुए कहा कि बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों को पकड़कर कानूनी कार्रवाई करना सुनिश्चित करे। जिला में चल रहे हैं।ओटो, ई-रिक्शा चालको को एक निर्धारित ड्रेस कोड करने को कहा गया। वन प्रमंडल , लघु सिंचाई विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, पथ प्रमंडल, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, विद्युत आपूर्ति विभाग, वन प्रमंडल, नगर परिषद्, नगर पंचायत, जेएसएलपीएस, समाज कल्याण विभाग, कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग समेत कई विभागों में संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई।वन विभाग की समीक्षा के क्रम जिले में बनने वाले एकलव्य विघालय की उक्त भुमि को वन मंजूरी के मामलों को निष्पादन करने को कहा गया। उपायुक्त ने निर्देशित किया कि सभी अंचल अधिकारी कार्यपालक अभियंता आपस में समन्वय स्थापित कर जमीन से संबंधी मामलों पर उप विकास आयुक्त को सूचित करने को कहा गया।सामाजिक सुरक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए बताया गया कि मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना में लगभग 16000( सोलह हजार) महिलाओं के आवेदनो में ए/सी आईएफएससी नंबर में त्रुटि पाई गई। उपायुक्त ने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा की अगले दो दिनों में आवेदन की त्रुटि का निराकरण करेंगे जिससे महिलाओं को मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना का लाभ शत प्रतिशत दिया जाए। उपायुक्त ने क्रमवार सभी विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और लक्ष्य के विरुद्ध उपलब्धियों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ सभी योग्य लाभुकों तक ससमय पहुंचे इसे सुनिश्चित करें। उपायुक्त ने सभी विभागों के बीच आपसी समन्वय पर भी जोर दिया और सभी योजनाओं को सफल बनाने का निर्देश दिया।क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। बैठक में उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित करते हुए योजना का सफल क्रियान्वयन करने व आ रही बाधाओं को दूर करते हुए योजना का क्रियान्वयन करते हुए विकास के कार्यों को गति प्रदान करने की बात कही।मौके पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह, उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग, सिविल सर्जन डॉ प्रवीण कुमार संथालिया, अनुमंडल पदाधिकारी साहिबगंज अंगार नाथ स्वर्णकार, अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल कपिल कुमार, मुख्यालय डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा एवं जिला के वरिय पदाधिकारी समेत सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी व सभी थाना प्रभारी उपस्थित थे।

## जयंती पर याद किए गए भूतपूर्व जिला परिषद् सदस्य भगवत राउत



मेट्रो रेज संवाददाता

**दुमका :** दुमका के भागवत नगर महुआ डंगाल,गायत्री मंदिर परिसर में रविवार को शहीद सरदार भागवत राउत विचार मंच और पटेल सेवा संघ के संयुक्त तत्वावधान में दुमका में समाजसेवी के रूप में स्थापित नाम भूतपूर्व जिला परिषद् सदस्य स्व भागवत राउत जी के 65 वें जन्मदिवस पर जयंती समारोह उनके तैल्यचित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि व नेत्रहीन विद्यालय,श्रीअमड़ा में नेत्रहीन बच्चों के साथ बीके जयमाला दीदी ने सामुहिक रूप से केक काटकर का कार्यक्रम को सफलीभूत किया. नेत्रहीन विद्यालय के साथ नेशनल यूथ ब्लाइंड एसोशियेशन के हॉस्टल में सभी को बिस्कुट, चॉकलेट, केक, लड्डू बाटकर शहीद सरदार भागवत राउत को श्रद्धासुमन अर्पित किया गया.

कार्यक्रम में शहर के जाने-माने समाजसेवी मौजूद रहे जिसमें प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की संचालिका बी के जयमाला, बी के रेखा, राधेश्याम बर्मा, स्व राउत की धर्मपत्नी व जिला परिषद सदस्य चिंता देवी,जय माता दी सेवा समिति के अध्यक्ष राजेश राउत, मंच व संघ के सचिव संदीप कुमार जय बमबम, विजय राउत,बिनोद राउत, राजेश राउत,अमरेश सिन्हा, जगदेव राउत, अशोक राउत, पंकज राउत, संतोष राउत, राकेश सिंह,राजनीकांत राउत, अनुज राउत, रविकांत राउत कुंदन कुमार, ऋषभ सिंह, दिग्विजय राणा, प्रीतम कुमार, किशन राउत, अक्षत कुमार, संजीव दे कृष्णा, आदर्श लाहा सहित सैकड़ों की संख्या में भागवत राउत को चाहनेवाले मौजूद थे.

साथ ही सैकड़ों लोग और छात्र- छात्राओं ने कार्यक्रम में सम्मिलित होकर श्रद्धासुमन अर्पण किया.

## सीआरपीएफ शहीद जवान का पार्थिव शरीर घर पहुंचा



मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** एंटी नक्सल ऑपरेशन के दौरान शहीद सीआरपीएफ जवान मोहम्मद शहनवाज का पार्थिव शरीर ताबूत में बंद तिरंगा में लिपटकर साहिबगंज कुलीपाड़ा स्थित घर पहुंचा।शहिद की आखरी दीदार करने हेतु हजारों की संख्या में लोग राष्ट्रीय झंडा लेकर साक्षरता चौक से शहिद के घर तक सड़क के दोनों किनारों पर खड़े होकर अमर शहीद शहनवाज अमर रहे का नारा लगा रहे थे। तिरंगे से लिपटा ताबूत में शहिद के पार्थिव शरीर घर पहुंचते ही परिवारवाले रिश्तेदार आस पड़ोस के लोगों में मातम छा गया। पुरा माहौल गमगीन हो गया। सभी के आंखें नम थी।सोमवार की पूर्वाहन 8:00 बजे शहीद का जनाजा उनके निवास स्थान से सम्मान के साथ निकला। और चौक बाजार होकर अंतिम यात्रा जा रही है। जो धर्मशाला चौक, एलसी रोड बादशाह चौक, गोडाबाड़ी हटिया होते हुए कब्रिस्तान ईदगाह पहुंचा । इसके उपरांत मजहर टोला के निकट स्थानीय कब्रिस्तान में इस्लामिक रीति रिवाज के मुताबिक आखिरी रसूम की कार्यवाई पूरी करने के बाद नमाज ए जनाजा अदा कर उन्हें सम्मान पूर्वक सुपुर्द ए खाक किया गया।

## पेड़ लगाए पर्यावरण को हरा भरा करे : डॉ सचिदानंद

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** शहर के भारतीय रोड स्थित बाबूलाल नंदलाल बोरा चैरिटेबल ट्रस्ट परिसर में रविवार को गंगा मिशन कोलकाता की ओर से आयोजित वृक्षारोपण एवं वृक्ष वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके तहत 24 लोगों के बीच एक सौ से ज्यादा फलदार वृक्ष का वितरण किया गया। कार्यक्रम में संस्कृत विद्यालय के शिक्षक डॉ सचिदानंद मिश्रा ने कहा कि शहरवासी अपने घरों में जितना जगह हो इसके हिसाब से वृक्ष लगाए। जिसके घर में जगह नहीं है वो किचन गार्डन अपने छत बालकनी में बनाकर पौधा लगाए। मारवाड़ी समाज जितना अपने व्यापार के प्रति सजग रहता है। उतना ही समाजसेवा के प्रति सजग रहता है। वृक्षारोपण से लेकर स्वास्थ्य सेवा धार्मिक कार्यों में खुलकर सहयोग करते है। धर्म कर्म समाजसेवा के क्षेत्र में अपना संपूर्ण सेवा देता है। राष्ट्रीय सचिव प्रहलाद राय गोयंका समाज के लिए अपना जवानी अपना महत्वपूर्ण सहयोग दिया है। साहिबगंज शहर के लिए, समाज में शहर में हरियाल लाने, पर्यावरण वातावरण को हरा भरा करने के लिए, ऑक्सीजन की चिंता किए। गोयनका जी को शहरवासियों की ओर से आभार। वही मॉडल डिग्री कॉलेज प्राचार्य डा रंजीत सिंह ने कहा कि स्वच्छ वायु स्वस्थ वातावरण के लिए पेड़ पौधे अवश्य लगाए।पेड़ पौधे जीवन भर जीवन के बाद भी पेंशन की तरह शुद्ध हवा और स्वस्थ वातावरण बनाए




रखने में निः शुल्क मदद करता है। गंगा मिशन कोलकाता साहिबगंज इकाई के वृहद वृक्षारोपण सह पौधा वितरण कार्यक्रम के तहत निशुल्क पेड़ का वितरण किया गया। इसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों में फलदार पौधा निः शुल्क प्राप्त कर वृक्षारोपण करने में अपना सहयोग जन भागीदारी निभा रहे हैं। आम, अमरूद, अनार, कटहल, नारियल, नींबू, महोगनी, अर्जुन,नीम सहित फलदार एवं आर्थिक महत्व के साथ पीपल, नीम जो दिन रात ऑक्सीजन देते हैं।आम लोगों के लिए पेड़ बांटा जा रहा है। सभी पेड़ उन्नत किस्म का है।हम हजारों रुपया ऑक्सीजन खरीदने में लगाते हैं। पेड़ पौधे निशुल्क ऑक्सीजन देते हैं,उसकी ओर ध्यान हम नहीं देते हैं।सभी साहिबगंज वासी अपने-अपने घरों पर रूफ गार्डन, किचन गार्डन या कहीं पर भी गमले में अपने घरों में पेड़ जरूर लगाएं।पेड़ बड़ा होने तक देखभाल करें।शहर में पेड़ों की संख्या घट रही है,जिससे जलवायु परिवर्तन,अशुद्ध वातावरण,जल संकट एवं भूगर्भीय जल स्तर गिरना ये सब एक बड़े संकट की ओर संकेत कर रहा है।सबका एक मात्र सॉल्यूशन है पेड़ पौधा लगाए, उसकी देखभाल करके बड़ा करे। हम अपने जिम्मेदारी को समझें और किसी भी मौके पर कम से कम एक पेड़ जरूर लगाए। औसतन प्रति मनुष्य के लिए पेड़ों की संख्या काफी कम है। वही शहरवासियों ने इस कार्यक्रम की प्रशंशा की ओर राष्ट्रीय सचिव प्रहलाद राय गोयंका की कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा किया।मौके पर राजमहल विधायक अंनत ओझा के पिता श्रीनिवास ओझा,प्रो रणजीत सिंह,डॉ दीपक कुमार, डॉ सच्चिदानंद मिश्रा,रतन अग्रवाल,राजू पोद्दार,नवीन कुमार,सुबोध सिंह,सुशील भरतीया,पीताम्बर कुमार,नीरज पंडित,ज्योति शर्मा,संजय पटेल सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# दीपिका पादुकोण और रणवीर के घर गूंजी किलकारी





दीपिका पादुकोण आखिरकार मां बन गई हैं और उन्होंने मुंबई के एचएन रिलायंस अस्पताल में बेटी को जन्म दिया है। अभिनेत्री को शनिवार सुबह उनके परिवार के साथ अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इसके बाद से ही फैंस और फिल्म जगत इस खुशखबरी का इंतजार कर रहे हैं। एक्ट्रेस शुक्रवार को गणेश चतुर्थी से पहले पति रणवीर सिंह और उनके परिवार के सदस्यों- पादुकोण और भवनानी-के साथ गणपति बप्पा का आशीर्वाद लेने के लिए सिद्धिविनायक मंदिर गईं। सांड़ी लुक में दीपिका सुंदर लग रही थींअभिनेत्री साड़ी में शाही लग रही थी और जबकि यह कहा जा रहा था कि डिलीवरी सितंबर के अंत के आसपास होगी, ऐसा लगता है कि गणेश उत्सव के शुभ समय के दौरान बच्चे के आने की जल्दी थी। दीपिका पादुकोण गर्भवती होने के बावजूद बाहर घूम रही हैं, जिससे हर कोई हैरान है। और अब, सभी की निगाहें बच्चे के साथ उनकी पहली झलक पर हैं।

कई समाचार रिपोर्टों के अनुसार, दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने रविवार को अपने पहले बच्चे, एक बच्ची का स्वागत किया है। कथित तौर पर बच्चे का जन्म मुंबई के एचएन रिलायंस अस्पताल में हुआ था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दीपिका ने बेटी को जन्म दिया है लेकिन इस जानकारी की पुष्टि प्रभासाक्षी नहीं कर रहा और अभी कपल के आधिकारिक बयान की प्रतीक्षा है। रविवार को इस कपल के परिवार के सदस्यों के साथ अस्पताल पहुंचते देखा गया। पर्दे वाली कार के अंदर बैठे होने के कारण फोटोग्राफर उनकी तस्वीरें नहीं खींच पाए। उनके परिवार के सदस्यों के आगमन के तुरंत बाद उनकी पहचान की गई। इस साल फरवरी में इस जोड़े ने अपनी गर्भावस्था की घोषणा की थी। दोनों ने एक संयुक्त पोस्ट साझा की, जिसमें लिखा था, 'सितंबर 2024' बच्चों के कपड़े, बच्चों के जूते और गुब्बारों के प्यारे रूपांकनों के साथ। दीपिका और रणवीर ने अपने मैटरनिटी फोटोशूट की तस्वीरें पोस्ट कीं, जहां एक्ट्रेस रणवीर के साथ खुशी-खुशी अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट करती नजर आईं।

# जैकलीन ने सोशल मीडिया पर शेयर किया क्रिप्टिक पोस्ट



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिज आज किसी पहचान की मोहताज नहीं है। आज जैकलीन बॉलीवुड की सबसे बेस्ट एक्ट्रेसेस में से एक है। अभिनेत्री ने अपने दम पर बॉलीवुड में पहचान बनाई है। जैकलीन ने कई हिट फिल्में दी है। जैकलीन फर्नांडिज अपनी एक्टिंग ही नहीं, बल्कि खूबसूरती के लिए भी जानी जाती है। एक्ट्रेस हमेशा सुर्खियों में बनी रहती है। फिल्मों के अलावा जैकलीन अपनी निजी जिंदगी के चलते छाई रहती है। दरअसल, जैकलीन, सुकेश चंद्रशेखर संग अपने कथित रिश्ते की वजह से चर्चा में बनीं रहती है। इस बीच एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर की है। इंस्टाग्राम पर अभिनेत्री ने वीडियो शेयर किया, जिसके चलते एक्ट्रेस चर्चा में आ गई है।

जैकलीन फर्नांडीज ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पर अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियों में आप देख सकते हैं कि जैकलीन गार्डन में बैठी नजर आ रही हैं। इस दौरान एक्ट्रेस के हाथ में एक नोट बुक है और वो उस पर कुछ नोट्स लिखती हुई दिखाई दे रही हैं। अभिनेत्री ने लिखा, 'मैं काफी हूं। मेरे लिए'। इस वीडियो को देखकर फैंस भी कंफ्यूज हो गए, आखिर वो कहना क्या चाहती हैं।

बता दें कि, जैकलीन ने इंस्टाग्राम पर अपने फैंस के लिए एक ब्रॉडकास्ट चैनल भी हाल ही में लॉन्च किया है, जिसका नाम उन्होंने स्टॉर्म राइडर रखा है। ऐसे में अब एक्ट्रेस का यह वीडियों देखकर उनके फैंस भी हैरान है। फैंस समझ नहीं पा रहे आखिर जैकलीन का इशारा किस ओर है। हालांकि, अब यह समझ नहीं आ रहा यह उनकी कोई कविता है या फिर किसी अपकमिंग गाने के बोल हैं, क्या पता एक्ट्रेस के किसी बड़े क्रिएटिव प्रोजेक्ट की झलक हो। लेकिन यह अभी तक क्लियर नहीं हुआ। अभी समझ नहीं आया, वो कहना क्या चाहती है। वैसे सोशल मीडिया पर जैकलीन काफी एक्टिव नजर आती हैं।



# बॉलीवुड के सिंघम दीवाली पर दिखेंगे फुल एक्शन

**दमदार** एक्शन के साथ एक बार फिर आ रहे बॉलीवुड के 'सिंघम' अजय देवगन फिल्म 'सिंघम अगेन'. पहले ये फिल्म 15 अगस्त को रिलीज होने वाली थी. पर इसकी रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया है. अब ये फिल्म दीवाली पर सिनेमाघरों में दस्तक देगी. इसकी जानकारी रोहित ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करके दी है. पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है, 'शेर आतंक मचाता है, जख्मी शेर तबाही. इसके अलावा उन्होंने बताया कि सिंघम अगेन की शूटिंग अभी पूरी नहीं हुई है. रोहित शेट्टी के पोस्ट को 131,919 लाइक्स भी मिल चुके हैं. सिंघम अगेन 31 अक्टूबर 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.फिल्म में जोड़दार एक्शन से धमाल मचाएगें एक्टर फैंस भी इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. ये फिल्म सिंघम रिटर्न्स की सीक्वल और सिंघम फिल्म सीरीज की तीसरी फिल्म है. वहीं अजय देवगन ने भी अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करके फिल्म की रिलीज डेट का एलान किया है. वहीं इस फिल्म का क्लैश कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 3 से होने वाला है. फिल्म रिलीज से पहले ही चर्चा में बनी हुई है. एक बार फिर धमाल मचाने को तैयार है. रोहित शेट्टी ने खुलासा किया है कि टाइगर श्रॉफ रोहित की कॉप यूनिवर्स में नए पुलिस वाले के तौर पर काम करेंगे और इसकी झलक उनकी फिल्म सिंघम अगेन में देखने को मिलेगा. करीना इस फिल्म के निमार्ता बाजीराव सिंघम की प्रेमिका के तौर पर भी दिखेंगी, जैसा कि करीना द्वारा बंदूक उठाए जाने की एक पोस्ट से पता चल रहा है.सिंघम अगेन के स्टारकास्ट की बात करें तो रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स में मल्टीस्टार नजर आने वाले हैं. फिल्म में अजय देवगन के अलावा करीना कपूर, दीपिका पादुकोण, टाइगर श्रॉफ, रणवीर सिंह, अर्जुन कपूर, जैकी श्रॉफ नजर आने वाले हैं. इस फिल्म को रोहित शेट्टी ने निर्देशित किया है.

# आलिया की फिल्म 'जिगरा' रिलीज को तैयार
## पहली बार दिखेगा आलिया का एक्शन



**आलिया** भट्ट,स्टारर फिल्म 'जिगरा' रिलीज को तैयार है. एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म की नयी पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी है. मूवी में पहली बार दिखेगा आलिया का एक्शन. उनके पोस्ट को 701,536 लाइक्स भी मिले हैं. फैंस भी इस फिल्म के रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. ये फिल्म 27 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. पोस्ट शेयर कर आलिया ने कैप्शन में लिखा बेहद प्रतिभाशाली वासनबाला द्वारा निर्देशित और धर्ममूवीज और @एटरनलसनशाइनप्रोडक्शन द्वारा निर्मित धर्मा प्रोडक्शन में डेब्यू करने से लेकर अब उनके साथ एक फिल्म का निर्माण करने तक, कई मायनों में ऐसा लगता है कि जहां से मैंने शुरूआत की थी, वहां से पूरा चक्र पूरा कर लिया है. हर दिन एक अलग दिन है.रोमांचक, चुनौतीपूर्ण (और थोड़ा डरावना)न केवल एक अभिनेता के रूप में बल्कि एक निमार्ता के रूप में भी हम इस फिल्म को जीवंत बना रहे हैं और जैसे-जैसे हम आगे बढ़ेंगे मैं और अधिक साझा करने के लिए इंतजार नहीं कर सकती. वहीं फिल्म के पोस्टर में दिख रहा कि आलिया सड़क के बीच खड़ी हैं और उनका सिर झुका हुआ है. उनके उपर जैसे ही बारिश होती है, इलेक्ट्रॉनिक्स में से एक आवाज आती है, देखो, मुझे देखो मैं राखी पहनता हूं तू मेरी सुरक्षा में है. मेरे पास कुछ भी नहीं है, ये फिल्म 27 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. इस फिल्म को वासनबाला द्वारा निर्देशित किया गया है, धर्ममूवीज और एटरनलसनशाइन प्रोडक्शन द्वारा निर्मित है.

# गणेश पंडालों में दिखा 'कंतारा' का जादू



नेशनल अवॉर्ड विजेता फिल्म 'कंतारा' क असर रिलीज के बाद से ही दर्शकों पर दिख रहा है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस लेकर दर्शकों के दिलों में अपनी एक खास पहचान बना ली है। गणेश चतुर्थी पर कंतारा का असर गणेश पंडालों में भी दिखा। कंतारा का जादू जल्दी खत्म होने वाला नहीं है। देशभर में गणेश चतुर्थी का जश्न मनाया जा रहा है, पंजुरली देव की मौजूदगी भी इस त्यौहार का अहम हिस्सा बन रही है। शहर के पंडालों में पंजुर्ली देव गणपति की मूर्तियों को सजाया गया है, और कुछ पंडालों में गणपति की मूर्ति के पीछे पंजुर्ली देव की तस्वीर भी लगाई गई है। फिल्म की सेटिंग को दोबारा जीवंत करने के लिए पंडालों को जंगल की थीम पर सजाया भी गया है। इसके अलावा, मच अवेटेड 'कंतारा चैप्टर 1' के साथ पहले कभी न देखे गए। खास अनुभव को महसूस करते हुए उसका आनंद लेने के लिए तैयार हो जाइए।

# 6 दिसंबर को बॉक्स आफिस पर धमाल मचायेगी ''पुष्पा 2 द रूल''



अल्लू अर्जून स्टारर फिल्म ''पुष्पा 2 द रूल'' 6 दिसंबर को बॉक्स आफिस पर धमाल मचाने आ रही है. फैंस बेसब्री से फिल्म के रिलीज होने का इंतजार कर रहे हैं. इससे पहले फिल्म 15 अगस्त रिलीज होने वाली थी लेकिन इसकी डेट आगे बढ़ा दी गयी. रिपोर्ट्स की मानें तो मेकर्स ने ग्रैंड रिलीज के चलते फिल्म की रिलीज डेट आगे बढ़ाई है. यह भी कहा जा रहा है कि फिल्म की शूटिंग पूरी नहीं हुई थी. डायरेक्टर इस मूवी के कुछ पार्ट्स को दोबारा शूट कर रहे है. बता दें कि'पुष्पा 2ः द रूल'का निर्देशन सुकुमार ने किया है. यह फिल्म 6 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जिसमें रश्मिका मंदाना श्रीवल्ली की भूमिका में नजर आयेंगी. इस फिल्म में अल्लू अर्जुन और रश्मिका मंदाना के अलावा वसेर्टाइल एक्टर फहद फासिल भी लीड रोल में नजर आयेंगे.'पुष्पा 2ः द रूल' फिल्म 'पुष्पा 1ः द राइज' का सीक्वल है, जिसमें अर्जुन ने मुख्य किरदार निभाया था. बता दें कि मेकर्स ने अल्लू अर्जुन के 42वें जन्मदिन पर मोस्ट अवेटेड फिल्म 'पुष्पा 2ः द रूल' का टीजर रिलीज किया था. टीजर रिलीज होते ही यह यूट्यूब और सोशल मीडिया पर छा गया था. फिल्म पुष्पा 2 के मेकर्स ने 1 मिनट 8 सेकेंड का धमाकेदार टीजर वीडियो शेयर किया है. जिसमें अल्लू अर्जुन खतरनाक लुक में नजर आये थे. वीडियो में सुपरस्टार दुश्मनों से भिड़ते दिखे थे. टीजर में अल्लू अर्जुन का लुक भी काफी दमदार था।

# बारिश की वजह से टीम का बाहर होना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण : ऋषभ पंत

एजेंसी




**नई दिल्ली :** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जा रहे दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में टीम की कड़ी मेहनत और उनके अनुशासन की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने एक बयान में कहा, ₹साउथ दिल्ली सुपरस्टारज के खिलाफ दूसरा सेमीफाइनल बारिश के कारण भले ही रद्द हो गया हो, लेकिन निराश होने जरूरत नहीं है, कुछ चीजें हमारे हाथ में नहीं होती और इस बार भी कुछ ऐसा ही है। हालांकि पुरानी दिल्ली 6 ने जिस तरह से यहां तक सफर का तय किया है, वह निश्चित तौर पर बधाई के पात्र हैं। दिलीप ट्रॉफी के चलते ऋषभ टूनामेंट में भले ही ना खेल रहे हों, लेकिन पुरानी दिल्ली 6 की हर छोटी बड़ी चीजों पर उनकी निगाह लगातार बनी रहती है। उन्होंने कहा कि, मैने देखा कि यहां तक पहुंचने के लिए लड़कों ने कितनी कड़ी मेहनत की है, मैं उनके धैर्य और दृढ़ संकल्प की सराहना करता हूं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि बारिश ने हमारे अभियान पर रोक लगा दी, लेकिन वो कहते हैं ना अगर कुछ जाता है तो कुछ आता है। इसी तरह हमने भी इस सीजन में कुछ खास बनाया है और मुझे विश्वास है कि हम अगले साल खिताब के लक्ष्य के साथ और मजबूत वापसी करेंगे।" वहीं प्रैक्टिस से लेकर ग्राउंड तक में हर छोटी से छोटी बारीकियों को समझाने वाले इशांत भी इस तरह से टीम के बाहर हो जाने से काफी निराश हैं। उन्होंने टीम की तारीफ करते हुए कहा , 'बिना खेले ही सेमीफाइनल से बाहर हो जाना काफी दुखद है। मैंने देखा है कि लड़कों ने पूरे टूनामेंट में कितना दिल से प्रयास किया है, ऐसे में इस तरह की चीजें निराश तो करती ही हैं, लेकिन मुझे गर्व है अपनी टीम पर जिन्होंने हमेशा मेरा और टीम का सिर ऊंचा रखा। मुझे पूरी उम्मीद है की हम अगले सीजन में ऐसी वापसी करेंगे कि सब देखते रह जायेंगे। नियमों के अनुसार यदि बारिश के चलते मैच रद्द होते हैं तो अंक तालिका में जो टीम ऊपरी पायदान स्थान पर होगी, वह अपने आप टूनामेंट के फाइनल में पहुंच जाएगी।

# झारखंड दिव्यांग क्रिकेट का ओपन ट्रायल संपन्न

मेट्रो रेज

**रांची :** झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन फॉर डिफरेंटली एबल्ड, भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीआई) से संबद्ध एक बीसीसीआई समर्थित निकाय झारखण्ड दिव्यांग पुरुष किकेट टीम के चयन के लिए ओपन ट्रायल रविवार को रांची में झारखण्ड पुराना विधानसभा मैदान सेक्टर 1, धुर्वा में अरुणोदय क्रिकेट अकादमी, में हुआ . इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रमोद कुमार मिश्रा,डीएसपी हटिया अश्वनी शर्मा जिला उपाध्यक्ष झारखंड मुक्ति मोर्चा और डॉक्टर शमशेर आलम राही,केंद्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय दिव्यांग मंच सह महासचिव डी आर डी फाउंडेशन और पूर्व रणजी खिलाड़ी अरुण विद्यार्थी अतिथि के रूप में उपस्थित थे. फिजिकल डिसेबिलिटी टी 20 क्रिकेट चैंपियनशिप 2024 टूनार्मेंट के क्वालीफार मैच के लिए यह ट्रायल हुआ यह ओपन ट्रायल झारखंड रणजी प्लेयर अरुण विद्यार्थी के देखरेख में किया गया . ओपन ट्रायल मे खिलाड़ियों को शॉर्टलिस्ट करके उसमें से फाइनल दिव्यांग खिलाड़ियों का सिलेक्शन किया गया । फाइनल खिलाड़ियों की घोषणा सिलेक्शन कमिटी के द्वारा जल्द घोषित की जाएगी. इस मौके पर डिफरेंटली एबल्ड क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ झारखण्ड के सचिव आफताब आलम खिलाड़ियों और सदस्यों को सम्मानित भी किया । इस मौके पर मोहम्मद कलाम अंसारी समाजसेवी,, मोहम्मद जाहिद अंसारी अध्यक्ष विकलांग राहत सेवा संस्थान, अभिषेक कुमार स्पोर्ट कोचिंग सेंटर इंचार्ज, अफरोज अंसारी नेशनल पारा प्लेयर सह समाजसेवी, मुकेश दुबे जामताड़ा दिव्यांग क्रिकेट इंचार्ज, तबरेज अंसारी दिव्यांग कल्याण समिति समेत कई लोग मौजूद थे. यह जानकारी मीडिया प्रभारी प्रिंस कुमार दुबे नें दी.



# आस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड को 70 रन से हराया



एजेंसी

**नई दिल्ली :** स्कॉटलैंड से सीरीज में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लिस के शतक की बदौलत स्कॉटलैंड पर 70 रन की धमाकेदार जीत दर्ज की. विकेटकीपर बैटर जॉश इंग्लिस ने स्कॉटलैंड के खिलाफ शुक्रवार को महज 43 गेंद पर शतक ठोका. यह टी20 इंटरनेशनल मैचों में किसी भी ऑस्ट्रेलियन बैटर का सबसे तेज शतक है. ऑस्ट्रेलिया के लिए इससे पहले सबसे तेज टी20 शतक का रिकॉर्ड जॉश इंग्लिस समेत तीन बैटर्स के नाम था. इंग्लिस, एरॉन फिंच और ग्लेन मैक्सवेल 47-47 गेंदों पर यह कारनामा कर चुके हैं. ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड के खिलाफ एडिनबर्ग में खेले गए दूसरे टी20 मैच में 4 विकेट पर 196 रन का स्कोर खड़ा किया. उसके ओपनर ट्रैविस हेड (0) और जैक फ्रेजर मैक्गर्क (16) इस बार अच्छी शुरूआत नहीं दे सके, लेकिन इससे टीम पर ज्यादा फर्क नहीं पड़ा. तीसरे नंबर पर आए जॉश इंग्लिस ने 49 गेंद पर 103 रन की पारी खेली और ऑस्ट्रेलिया को बड़ा स्कोर दे दिया. उन्होंने अपनी पारी में 7 चौके और 7 छक्के लगाए. कैमरन ग्रीन ने 29 गेंद पर 36 और मार्कस स्टॉयनिस ने 20 गेंद पर 20 रन बनाए. स्कॉटलैंड के ब्रैंडन मैक्मुलेन (59) और जॉर्ज मुनसे (19) को छोड़ दें तो स्कॉटलैंड का एक भी बैटर दोहरी रनसंख्या भी नहीं छू सका. नतीजा मेजबान स्कॉटलैंड की टीम 16.4 ओवर में 126 रन पर ढेर हो गई. ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मार्कस स्टॉयनिस ने सबसे अधिक 4 विकेट झटके.

# आरजीकर: न्याय की मांग को लेकर पूरी दुनिया में व्यापक विरोध प्रदर्शन

एजेंसी

**कोलकाता :** आर.जी. कर अस्पताल की प्रशिक्षु महिला डॉक्टर के दुष्कर्म और हत्या के मामले में कोलकाता और बंगाल के विभिन्न हिस्सों के साथ ही पूरी दुनिया में एक और व्यापक विरोध प्रदर्शन देखा गया। पिछले महीने नौ अगस्त को इस घटना के बाद से न्याय की मांग को लेकर लोगों का आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। रविवार को यह विरोध प्रदर्शन पहले से अधिक संगठित, परिपक्व और विविध रूप में सामने आया। सुबह से शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन सारा दिन चला और सारी रात भी प्रदर्शनकारी सड़कों पर रहे हैं। बंगाल के लिए विरोध प्रदर्शन का दिन रहा। कोलकाता के साथ-साथ जिले के कई हिस्सों में दोपहर से ही न्याय की मांग को लेकर लोग सड़कों पर उतर आए। जगह-जगह रैली, धरना प्रदर्शन, काले गुब्बारे उड़ाने से लेकर गीत-संगीत तक विभिन्न रूपों में लोग अपनी आवाज बुलंद कर रहे थे। कोलकाता के यदवपुर, श्यामबाजार, सिटी से लेकर साल्ट लेक तक लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए और न्याय की मांग की। रविवार रात नौ बजे गड़िया से जादवपुर के बीच हजारों की संख्या में आर्टिस्ट सड़कों पर उतरे और पांच किलोमीटर की सड़क पर चित्रकारी और अन्य कलाकृतियों के जरिए न्याय की मांग की। ये रात भर चला। विरोध प्रदर्शन में समाज के सभी तबके के लोग शामिल हुए। उत्तर कोलकाता के हेदुआ से कॉलेज स्ट्रीट तक रिक्शा चालकों ने मूक मैनिफेस्टो के साथ मार्च किया। कुम्हारटोली में मिट्टी के कलाकारों ने भी अपनी व्यस्तताओं के बीच विरोध में भाग लिया। सनातन डिंडा जैसे कलाकारों ने भी विरोध में अपनी कला के माध्यम से आवाज उठाई। शहर के प्रमुख मार्गों पर मानव श्रृंखला बनाई गई, जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए। सियालदह से श्यामबाजार तक करीब 15 किलोमीटर लंबी मानव श्रृंखला बनाई गई थी, जिसमें समाज के सभी वर्गों के लोग शामिल हुए। विदेशों में भी उठी विरोध की आवाजः आर.जी. कर कांड के विरोध में सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी आवाज उठी है। अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, दक्षिण अफ्रीका, ताइवान, स्पेन, और कई अन्य देशों में भारतीय प्रवासियों ने विरोध प्रदर्शन किए।




## आरजी कर कांडः पोस्टमार्टम में भी अनधिकृत तौर पर उपस्थित थे कई लोग, जांच कर रही सीबीआई

**कोलकाता।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात महिला चिकित्सक-छात्रा की हत्या व दुष्कर्म के बाद सबूत मिटाने के प्रयासों से जुड़े मामलों की जांच के दौरान केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने कुछ नए खुलासे किए हैं। सीबीआई सूत्रों के मुताबिक, जांच के दौरान अस्पताल के सेमिनार रूम में जहां हत्या की गई थी वहां अवैध संख्या में लोग थे ही, पोस्टमार्टम रूम में कुछ लोगों की 'अनधिकृत' उपस्थिति दर्ज की गई, जो इस मामले को और जटिल बना रही है। सूत्रों के अनुसार, 09 अगस्त की सुबह से पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और उनके करीबी चिकित्सकों के मोबाइल फोन के दस्तावेज इस जांच में महत्वपूर्ण सबूत बन गए हैं। जांचकताओं का मानना है कि आरजी कर में वित्तीय घोटालों में शामिल संदीप घोष की भूमिका को भी इस मामले में गहराई से खंगाला जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, 09 अगस्त को संदीप और उनके करीबी कई डॉक्टरों को अस्पताल की इमरजेंसी बिल्डिंग की चौथी मंजिल पर सेमिनार कक्ष के आसपास देखा गया था। इन डॉक्टरों को वहां बुलाने वाला कौन था और उनके वहां रहने का कारण क्या था, यह अभी भी सवालों के घेरे में है। इसी दिन पोस्टमार्टम के दौरान कुछ डॉक्टर्स की संदिग्ध उपस्थिति ने जांचकताओं को और सतर्क कर दिया है। सीबीआई सूत्रों के अनुसार, आरजी कर मेडिकल कॉलेज में मृतक के आसपास के क्षेत्र में कई वैज्ञानिक साक्ष्यों की विशेषज्ञता रखने वाले दो वरिष्ठ डॉक्टरों को भी उस दिन सेमिनार रूम के पास देखा गया था। इसके अलावा, मेडिकल काउंसिल के कुछ सदस्य, अन्य सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर और कुछ वकील भी घटना के दिन और उसके बाद के समय में अस्पताल के आसपास थे। उनकी उपस्थिति और उनके द्वारा की गई गतिविधियों के पीछे की मंशा क्या थी? क्या उन्हें वहां रहने का निर्देश दिया गया था? इन सभी सवालों का जवाब तलाशना जांच का महत्वपूर्ण हिस्सा है। सूत्रों के मुताबिक, यह भी पता चला है कि 09 अगस्त को कुछ डॉक्टर, जिन्हें उस समय के पूर्व प्रिंसिपल के करीबी के रूप में जाना जाता था, घटनास्थल के पास थे। इसके अलावा, राजनीतिक, प्रशासनिक और पुलिस के कुछ सदस्य भी वहां देखे गए थे।

## पुलिस मुठभेड़ में पंखिया गैंग के तीन बदमाश गोली लगने से घायल

एजेंसी

**फिरोजाबाद :** रजावली थाना, टूण्डला एवं एसओजी ने टीम ने रविवार की रात में संयुक्त कार्यवाही कर डकैती की योजना बना रहे पंखीया गैंग के तीन शातिर अभियुक्तों को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। पुलिस की पैर में गोली लगने से घायल तीनों अभियुक्तों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि थाना रजावली क्षेत्र में हुई चोरी की घटनाओं के अनावरण व रोकथाम के उद्देश्य से थाना प्रभारी टूंडला अनुज कुमार, थाना प्रभारी रजावली विनय मिश्र एसओजी टीम के साथ रविवार की रात में चेकिंग कर रहे थे। पुलिस टीम को रामगढ़ गांव में जाने वाले रास्ते पर एटा-टूंडला रोड पर एक संदिग्ध क्रेटा कार के पास पांच व्यक्ति खड़े दिखाई दिए, जो पुलिस टीम को देखकर भागने लगे। भागते हुए पुलिस टीम पर फायर कर दिया। आत्मरक्षार्थ पुलिस टीम द्वारा की गयी फायरिंग में तीन व्यक्तियों को घायल अवस्था में गिरफ्तार किया गया। जबकि दो व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गये। घायल व्यक्तियों की पहचान फहीम पुत्र मौहम्मद निवासी नगरिया कला थाना फतेहगंज पूर्वी जिला बरेली, इरफान पुत्र अख्तर व मुकद्दर अली पुत्र शमशाद अली निवासीगण गढ़िया पैगंबरपुर थाना हजरतपुर जनपद बदायूं के रूप में हुई हैं। अभियुक्तों के कब्जे से तीन तमंचे 315 बोर छह जिंदा कारतूस, तीन खोखा कारतूस, एक क्रेटा कर बिना नंबर प्लेट ग्रे कलर, एक बड़ा लॉक कटर, एक टॉर्च बरामद हुई हैं। एएसपी ने बताया कि अभियुक्तों को मुठभेड़ के दौरान बांये पैर में गोली लगने से घायल हुए हैं।

## कानपुर में रेलवे ट्रैक पर सिलेंडर रख कालिंदी एक्सप्रेस को पलटाने की साजिश

**कानपुर :** उत्तर प्रदेश के कानपुर-फरुर्खाबाद रेलवे ट्रैक पर रविवार रात गैस सिलेंडर व कुछ अन्य संदिग्ध सामान रखा गया। इस बीच भिवानी जा रही कालिंदी एक्सप्रेस गैस सिलेंडर से टकरा गई। गनीमत रही की गैस सिलेंडर फटा नहीं और दूर जा गिरा। इससे बड़ा हादसा होते-होते बच गया।अगर रेलगाड़ी पलट जाती तो जान-माल की भारी क्षति हो सकती थी। कानपुर सेंट्रल से अनवरगंज स्टेशन होते हुए कालिंदी एक्सप्रेस भिवानी की ओर जा रही थी। अभी वह शिवराजपुर रेलवे स्टेशन के करीब ही पहुंची थी कि अचानक धड़ाम की आवाज आई। गति अधिक होने कारण चालक ने इमरजेंसी ब्रेक नहीं लिया और कुछ ही दूरी पर शिवराजपुर स्टेशन पहुंचने पर मेमो दिया। इसमें कहा गया कि ट्रेन किसी लोहे की वस्तु से टकराई है। इस पर आरपीएफ इंस्पेक्टर ओपी मीना ने मौके पर जाकर देखा तो उनके होश उड़ गए। रेलवे ट्रैक पर कुछ संदिग्ध सामान मिला और गैस सिलेंडर दूर पड़ा मिला, जो फटा नहीं था और उसमें गैस भरी हुई थी। यह देख इंस्पेक्टर भांफ गया कि ट्रेन को पलटाने की साजिश रची गई है।

## मप्र में अगले 4 दिन बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम आज 25 से ज्यादा जिलों में होगी तेज बारिश

एजेंसी

**भोपाल :** मध्यप्रदेश में मानसून एक बार फिर एक्टिव हो गया है। रविवार को प्रदेश के कई जिलों में बारिश का दौर जारी रहा। अगले 4 दिन भी बारिश का स्ट्रॉन्ग सिस्टम है। भोपाल के कुछ इलाकों में सोमवार सुबह से बूंदाबांदी हो रही है। मौसम विभाग ने आज सोमवार को प्रदेश के 4 जिले- अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला और बालाघाट में अति भारी बारिश होने का अलर्ट जारी किया है। यहां 24 घंटे में 8 इंच तक पानी गिर सकता है। प्रदेश के 25 से ज्यादा जिलों में भी तेज बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, मानसून ट्रफ मध्यप्रदेश के बीच से गुजर रही है। इस वजह से अगले 4 से 5 दिन प्रदेश में कहीं अति भारी और कहीं भारी बारिश हो सकती है। प्रदेश में अब तक औसत 36.4 इंच बारिश हो चुकी है। यह सीजन की 98 प्रतिशत है।



मध्यप्रदेश में सामान्य बारिश का आंकड़ा 37.3 इंच है यानी कोटा पूरा होने में अब 1 इंच से भी कम पानी की जरूरत है। इससे पहले रविवार को भोपाल, छतरपुर जिले के खजुराहो, उमरिया, बालाघाट जिले के मलाजखंड, बैतूल, धार, गुना, पचमढ़ी, रतलाम और उज्जैन में हल्की बारिश जारी रही। राजगढ़ जिले के सारंगपुर और नर्मदापुरम के इटारसी में भी पानी गिरा। मौसम विभाग के अनुसार, मानसून ट्रफ लाइन उत्तर भारत से गुजर रही है। लो प्रेशर एरिया भी एक्टिव है। ओडिशा के पास डिप्रेशन पश्चिम-उत्तर बंगाल की खाड़ी में एक्टिव है। अगले 24 से 48 घंटे में यह और स्ट्रॉन्ग होगा। अब तक भोपाल, ग्वालियर समेत 28 जिलों में सामान्य से ज्यादा यानी 96 प्रतिशत से 169 प्रतिशत तक पानी गिर चुका है। इनमें श्योपुर में सबसे ज्यादा 169 प्रतिशत बारिश हो चुकी है। हालांकि, इंदौर, उज्जैन और रीवा संभाग पिछड़े हुए हैं। रीवा में सबसे कम 60 प्रतिशत यानी 23.3 इंच बारिश ही हुई है। प्रदेश में सबसे ज्यादा बारिश मंडला जिले में 48.18 इंच हुई है। दूसरे नंबर पर सिवनी जिला है। यहां अब तक 47.87 इंच पानी गिर चुका है। श्योपुर में 45.89 इंच और डिंडौरी में 44 इंच बारिश हो चुकी है। टॉप-10 जिलों में भोपाल पांचवें नंबर पर है। यहां 43 इंच से ज्यादा बारिश हो गई है। सीधी, छिंदवाड़ा, रायसेन, सागर और राजगढ़ में भी 40 इंच से ज्यादा पानी गिर चुका है।

## छत्तीसगढ़ में आकाशीय बिजली गिरने से नौ लोगों की मौत

एजेंसी

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के विभिन्न हिस्सों में पिछले 24 घंटों में हुई तेज बारिश और आकाशीय बिजली गिरने से जनधन की क्षति हुई। आकाशीय बिजली गिरने से नौ लोगों की बीती देर शाम तक मौत हो गई। वहीं कांकेर जिले के अंतागढ़ में आकाशीय बिजली गिरने से 19 मवेशियों की मौत हो गई है। मौसम विज्ञान विभाग ने अगले 24 से 48 घंटों के भीतर छत्तीसगढ़ के कई जिलों में भारी बारिश की चेतावनी दी है। अधिकारियों के अनुसार, रविवार को बलौदाबाजार जिले के



मोहतरा (लटुवा) गांव में आकाशीय बिजली गिरने से सात ग्रामीणों की मौत हो गई । मृतकों में सुरेश साहू, संतोष साहू, पप्पू साहू, पोखाराम विश्वकर्मा, थानेश्वर साहू, देवदास और विजय साहू शामिल हैं। घटना तब हुई जब ये सभी तालाब के पास एक पेड़ के नीचे बैठकर बातचीत कर रहे थे। इस घटना में चेतन साहू, बिंदराम साहू, और बिसंभर साहू घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नया रायपुर के जंगल सफारी के पास आकाशीय बिजली गिरने से एक भाई-बहन की मौत हो गई। जंगल सफारी के पास शेड के नीचे योगेश साहू और उनकी बहन उर्वशी साहू बारिश से बचने के लिए रुके थे, जब यह हादसा हुआ। इनके साथ एक बच्ची भी थी, जो इस घटना में बाल-बाल बच गई। यह हादसा तब हुआ जब उर्वशी तीज के त्योहार के बाद अपने मायके से लौट रही थीं। कांकेर जिले के अंतागढ़ में आकाशीय बिजली गिरने से 19 मवेशियों की मौत हो गई है।बलौदाबाजार में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से सात लोगों की मौत पर मुख्यमंत्री ने दुख जताया है। मुख्यमंत्री ने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि "मृतक परिवारों को तत्काल आर्थिक मदद दी गई है। बेहद दुखद घटना है। पीड़ित परिवारों के प्रति हमारी पूरी संवेदना है। दुख की इस घड़ी में हम हर तरह से मदद के लिए तैयार हैं। कलेक्टर को हमने घायलों का हाल चाल और उनके इलाज की व्यवस्था देखने की जिम्मेदारी दी है।

## सेना ने नौशेरा में नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ विफल की, दो आतंकवादी मारे

**राजौरी :** जम्मू-कश्मीर के नौशेरा में नियंत्रण रेखा पर सेना ने घुसपैठ की कोशिश विफल कर दी। भारतीय सेना के जवानों ने घुसपैठ को रोकते हुए दो आतंकवादियों को मार गिराया। आतंकियों के पास से दो एके-47, एक पिस्तौल और बड़ी संख्या में हथियारों का जखीरा बरामद हुआ है। सेना की जम्मू स्थित व्हाइट नाइट कोर ने एक्स पर कहा कि संभावित घुसपैठ की कोशिश के बारे में खुफिया एजेंसियों और पुलिस के इनपुट के आधार पर आठ और नौ सितंबर की दरमियानी रात लाम सेक्टर में घुसपैठ विरोधी अभियान शुरू किया गया। इस दौरान दो आतंकियों को मार गिराया गया। उनके पास से अब तक दो एके-47 और एक पिस्तौल सहित अन्य हथियार बरामद हुए हैं। सैन्य अधिकारियों का कहना है कि मुठभेड़ के बाद इलाके में रोशनी कर सारी रात निगरानी रखी गई। सवेरा होते ही दोबारा अभियान शुरू कर दिया गया।

## शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार में बढ़ा दबाव, सेंसेक्स और निफ्टी में गिरावट

एजेंसी

**नई दिल्ली :** घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को शुरूआती कारोबार के दौरान दबाव बना नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत भी कमजोरी के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद बिकवाली के दबाव की वजह से शेयर बाजार के दोनों सूचकांकों में और अधिक गिरावट आ गई। हालांकि पहले 15 मिनट के कारोबार के बाद ही खरीदारी के सपोर्ट से ये दोनों सूचकांक रिकवरी करके हरे निशान में पहुंच गए, लेकिन कुछ ही देर में एक बार फिर बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से इन दोनों सूचकांकों ने वापस लाल निशान में गोता लगा दिया। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.06 प्रतिशत और निफ्टी 0.10 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, ब्रिटानिया, आईसीआईसीआई बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर 1.08 प्रतिशत से लेकर 0.81 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर ओएनजीसी, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, अडाणी पोर्ट्स, एनटीपीसी और टाटा मोटर्स



के शेयर 3.05 प्रतिशत से लेकर 1.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,366 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 724 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,642 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 10 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 20 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 20 शेयर हरे निशान में और 30 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 210.18 अंक की गिरावट के साथ 80,973.75 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से ये सूचकांक गिर कर 80,895.05 अंक के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने की वजह से थोड़ी देर में ही इस सूचकांक ने रिकवरी करके हरे निशान में 81,245.57 तक पहुंचने में सफलता हासिल कर ली, लेकिन सेंसेक्स की ये तेजी अधिक देर तक कायम नहीं रह सकी। बाजार में एक बार फिर बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण इस सूचकांक ने दोबारा लाल निशान में गोता लगा दिया। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 47.54 अंक की कमजोरी के साथ 81,136.39 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 28.75 अंक की गिरावट के साथ 24,823.40 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही बिकवाली का दबाव बढ़ जाने के कारण ये सूचकांक लुढ़क कर 24,753.15 अंक के स्तर तक आ गया। इस गिरावट के बाद खरीदारी का सपोर्ट बनने पर इस सूचकांक ने कुछ देर के लिए हरे निशान में 24,868.45 अंक तक रिकवरी भी की। हालांकि निफ्टी हरे निशान में अधिक देर तक टिक नहीं सका। बाजार में एक बार फिर बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण उसने दोबारा लाल निशान में गोता लगा दिया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 25.25 अंक की गिरावट के साथ 24,826.90 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 1,017.23 अंक यानी 1.24 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 81,183.93 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी ने 292.95 अंक यानी 1.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,852.15 अंक के स्तर पर शुक्रवार के कारोबार का अंत किया था।

### सराफा बाजार में मामूली गिरावट सोना और चांदी की घटी कीमत



**नई दिल्ली :** घरेलू सराफा बाजार में आज सप्ताह के पहले दिन ही गिरावट का रुख नजर आ रहा है। कीमत में हुई गिरावट के कारण आज देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 73,010 रुपये से लेकर 72,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 66,940 रुपये से लेकर 66,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। कीमत में आई गिरावट के कारण दिल्ली सराफा बाजार में आज चांदी की कीमत 84,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 73,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,940 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,860 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 72,910 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,840 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 72,860 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,790 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है।

## न्यूज IN बिजनेस

### इंटेलिजेंट क्रॉसओवर यूटिलिटी व्हीकल एमजी विंडसर 11 सितंबर को होगा लॉन्च

**रांची/मेट्रो रेज :** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने घोषणा की है कि भारत की पहली इंटेलिजेंट सीयूवी (क्रॉसओवर यूटिलिटी व्हीकल) 11 सितंबर को लॉन्च की जाएगी। इस इंटेलिजेंट सीयूवी में सेडान जैसा कंफर्ट और एसयूवी जैसा स्पेस, दोनों के फीचर्स मिलेंगे। सीयूवी के 'एयरोग्लाइड डिजाइन' में बेहतरीन क्राफ्ट के साथ एडवांस एयरोडायनेमिक्स को एक साथ पेश किया गया है। इसके साथ ही इसमें 18 इंच के डायमंड कट अलॉय व्हील्स के साथ सेगमेंट का सबसे बड़ा व्हीलबेस दिया गया है। इसका ऊंचा ग्राउंड क्लीयरेंस एक आरामदेह सफर का अनुभव प्रदान करता है। एमजी विंडसर ईवी ने कुछ सबसे कठिन वातावरण और अत्यधिक गर्म माहौल में जबर्दस्त सहनशक्ति और दमदार क्षमता का प्रदर्शन किया है। एमजी विंडसर ने कच्छ के रण, लेह और उदयपुर के चुनौतीपूर्ण इलाकों का सफर किया है और अपनी क्षमता को साबित किया है। एमजी विंडसर ऑटो-टेक ब्रांड के पोर्टफोलियो का छठवां उत्पाद होगा। इसमें कई सेगमेंट-फर्स्ट फीचर्स देखने को मिलेंगे। इसके एक सबसे खास फीचर में इसका सेगमेंट का पहला 15.6-इंच 'ग्रैंडव्यू टच डिस्प्ले' है, जो एंटरटेनमेंट, नेविगेशन और वेहिकल सेटिंग्स के लिए एक सेंट्रल हब के रूप में काम करता है। इस बड़े आकार की स्क्रीन के साथ यात्री आसानी से नेविगेट कर सकेंगे, एंटरटेनमेंट को कंट्रोल कर सकेंगे और वाहन सेटिंग्स को आसानी से एडजस्ट कर सकेंगे। एमजी विंडसर में 15.6 इंच की टचस्क्रीन को इन-कार एक्सपीरिएंस को नए सिरे से परिभाषित करने के लिए डिजाइन किया गया है। जब वाहन खड़ा हो तब ये फीचर इसे एंटरटेनमेंट, गेमिंग और लर्निंग हब में बदल देता है।

### टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने टी केयर की शुरूआत की

**ग्राहकों के स्वामित्व अनुभव को बेहतर बनाने के लिए एक नई पहल**

**रांची/मेट्रो रेज :** असाधारण अनुभव प्रदान करके ग्राहकों की अपेक्षाओं से आगे निकलने के अपने निरंतर प्रयास में, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने 'टी केयर' की शुरूआत की घोषणा की। यह एक अभिनव पहल है जिसका उद्देश्य अपने सम्मानित ग्राहकों को एक समग्र स्वामित्व अनुभव मुहैया कराना है। टी केयर एक ही ब्रांड के तहत कई तरह के मूल्य-वर्धित प्रस्ताव के समर्थन को एकीकृत करता है। इस तरह यह सुनिश्चित करता है कि ग्राहक के साथ हर जुड़ाव टोयोटा के विश्वसनीयता, गुणवत्ता और असाधारण देखभाल के मूल मूल्यों को दशार्ता है। ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण से प्रेरित, 'टी केयर' सेवाओं की एक व्यापक श्रृंखला प्रदान करता है जो ग्राहक की खुशी को समृद्ध करने और दीर्घकालिक संबंधों को बढ़ावा देने के लिए कंपनी के समर्पण को दशार्ता है। प्रीसेल से लेकर आफ्टरसेल और रीपर्चेज तक सब कुछ कवर करते हुए, टी केयर इन पेशकशों को एक एकीकृत ब्रांड के तहत एकीकृत करता है जिसमें कुछ नाम शामिल हैं, टी केयर ग्राहकों के अनुभव को व्यवस्थित करने, टोयोटा के साथ उनकी पूरी स्वामित्व यात्रा के दौरान शीर्ष स्तरीय सहायता और सर्वोत्तम समर्थन तक सहज पहुंच सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करता है। इस नई पहल पर टिप्पणी करते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के बिक्री, सेवा और प्रयुक्त कार व्यवसाय के वाइस प्रेसिडेंट, सबरी मनोहर ने कहा, 'टोयोटा में, हम जो कुछ भी करते हैं, उसके केंद्र में हमारे ग्राहक होते हैं। हमारा ध्यान हमेशा हर टचपॉइंट पर ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने पर रहता है – बिक्री से पहले, बिक्री के दौरान और बिक्री के बाद। हम न केवल बेहतरीन उत्पाद और सेवाएं देने का प्रयास करते हैं, बल्कि टोयोटा के साथ अपने संपूर्ण स्वामित्व अनुभव के दौरान अपने ग्राहकों के साथ एक गहरा, स्थायी संबंध बनाने का भी प्रयास करते हैं। नई शुरू की गई टी केयर पहल में एक ही ब्रांड के तहत टी डिलीवर, टी ग्लॉस, टी एसिस्ट, टी साथ, टी सिक्योर, टी च्वाइस और अन्य जैसी पेशकशों की एक विस्तृत श्रृंखला शामिल है, जो हमें ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में अपने मूल्यवान ग्राहकों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करने वाली सहज और व्यक्तिगत सहायता प्रदान करने की अनुमति देती है।

### वेस्टर्न डिजिटल ने सीसीटीवी-ऑप्टिमाईज्ड स्टोरेज समाधान किए पेश

**रांची/मेट्रो रेज :** सीसीटीवी कैमरों का उपयोग भारत में बढ़ रहा है। आज ट्रैफिक सिग्नल से लेकर शॉपिंग सेंटर, स्कूल और आवासों तक हर जगह इनका उपयोग हो रहा है, इसलिए इनके लिए एक पर्याप्त स्टोरेज समाधान होना भी आवश्यक है। स्टोरेज की सभी ड्राईव्स एक समान नहीं बनाई जाती हैं, और निगरानी विशेष के लिए डिजाईन की गई ड्राईव से सीसीटीवी सिस्टम की परफॉर्मेंस एवं विश्वसनीयता में काफी सुधार आ सकता है। डब्लूडी पर्पल प्रो ड्राईव 22टीबी तक की क्षमता में उपलब्ध हैं। इन्हें 24/7 वीडियो स्ट्रीमिंग के लिए बनाया गया है और ये हर साल 550टीबी तक की सपोर्ट प्रदान करती हैं। ये ड्राईव बहुत टिकाऊ और भरोसेमंद हैं, जो खराब से खराब परिस्थितियों में भी बड़े वॉल्यूम के वीडियो डेटा को लगातार रिकॉर्ड करने और स्टोर करने के लिए बहुत आवश्यक है। इनके कम पॉवर प्रोफाईल के कारण पॉवर कंजंप्शन और हीट जनरेशन कम होता है, जिससे इनका संचालन सुगमता से होता है, और डेटा के नुकसान या सिस्टम फेल होने का जोखिम भी सबसे कम होता है। ऑलफ्रेम एआई टेक्नोलॉजी के साथ ये ड्राईव एटीए स्ट्रीमिंग बढ़ा देती हैं, फ्रेम लॉस को कम करती हैं, और डीप लर्निंग एनालिटिक्स के लिए 32 तक एआई स्ट्रीम्स को सपोर्ट करती हैं।इन ड्राईव्स के साथ डब्लूडी पर्पल एससी क्यूडी101 अल्ट्रा एंड्योरेंस माईक्रोएसडी कार्ड 1 टीबी तक का ऑन-कैमरा स्टोरेज प्रदान करता है। ये माईक्रोएसडी कार्ड निगरानी प्रणाली की चुनौतियों के लिए बनी हैं, और मजबूती, परफॉर्मेंस, एवं विश्वसनीयता प्रदान करती हैं, जो हमेशा ऑन रहने वाले वातावरण के लिए बहुत आवश्यक है। ये उन जगहों पर भी भरोसेमंद ऑपरेशन सुनिश्चित करती हैं, जहाँ कैमरा को पहुँचाया जाना बहुत मुश्किल होता है।वेस्टर्न डिजिटल में सीनियर डायरेक्टर, सेल्स, इंडिया, खालिद वानी ने कहा, ''वेस्टर्न डिजिटल का डब्लूडी पर्पल पोर्टफोलियो खास सीसीटीवी सेटअप्स की विकसित होती हुई जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाईन किया गया है। उन्होंने कहा, 22 टीबी तक की क्षमता वाली डब्लूडी पर्पल प्रो स्मार्ट वीडियो एचडीडी 24/7 विश्वसनीयता के लिए बनाई गई हैं, जबकि हमारे डब्लूडी पर्पल माईक्रोएसडी कार्ड काफी टिकाऊ हैं। ये समाधान सुगम वीडियो प्लेबैक सुनिश्चित करते हैं और एडवांस्ड एनालिटिक्स को सपोर्ट करते हैं, जिसके कारण ये निगरानी प्रणाली के लिए उत्तम हैं।

### मॉनसून के दौरान डॉक्टरों ने की सतर्क रहने की अपील

**रांची/मेट्रो रेज :** मॉनसून का मौसम जलती गर्मी से राहत तो देता है, लेकिन साथ ही कई तरह के इन्फ्लूएंजा को बढ़ने के लिए अनुकूल माहौल भी दे देता है। इस मौसम में फ्लू के मामले बढ़ जाते हैं, क्योंकि नमी और तापमान में उतार-चढ़ाव से फ्लू का कारण बनने वाले वायरस के संक्रमण को बढ़ावा मिलता है। बच्चों में फ्लू के कारण न्यूमोनिया जैसी गंभीर परेशानियां होने का खतरा रहता है। साथ ही अगर बच्चे को अस्थमा हो, तो स्थिति बिगड़ने की आशंका रहती है। इंडियन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) का कहना है कि इन्फ्लूएंजा का प्राथमिक टीका लगने के बाद 6 महीने से 5 साल की उम्र तक के बच्चों को हर साल फ्लू से बचाव का टीका लगवाना चाहिए, जिससे संक्रमण की जटिलता से बचा जा सके। टीकाकरण फ्लू होने के बाद स्थिति गंभीर होने से भी बचाता है।रानी चिल्ड्रेन हॉस्पिटल, रांची के कंसल्टेंट डॉ. शैलेश चंद्रा ने मॉनसून के दौरान स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए सतर्कता के महत्व पर चर्चा की। उन्होंने कहा, ह्यहाल के महीनों में मैंने बच्चों में फ्लू संक्रमण के मामलों में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी है। मॉनसून में आमतौर पर ऐसा होता ही है। 5 साल से कम उम्र के बच्चों और अस्थमा, किडनी की बीमारी या दिल की बीमारियों से जूझ रहे वयस्कों में फ्लू के कारण स्थिति ज्यादा जटिल होने और अस्पताल में भर्ती होने की आशंका ज्यादा रहती है। इसलिए मैं सभी माता-पिता को यह सुझाव देना चाहता हूं कि फ्लू से बचाव का टीका लगवाएं। वार्षिक तौर पर लगने वाला 4-इन-1 फ्लू वैक्सीनेशन फ्लू के संक्रमण के कारण होने वाली गंभीर परेशानियों से बचा सकता है। इस संबंध में अतिरिक्त जानकारी के लिए सभी माता-पिता को अपने डॉक्टरों से परामर्श करना चाहिए।

### पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 72 डॉलर प्रति बैरल के करीब

**नई दिल्ली :** देश में आज भी पेट्रोल और डीजल की कीमत पूर्ववत है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच?चे तेल की कीमत में जरूर उतार-चढ़ाव जारी है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये, डीजल 89.97 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये, डीजल 91.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.86 रुपये और डीजल 92.44 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पहले दिन शुरूआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.88 डॉलर यानी 1.24 फीसदी की उछाल के साथ 71.94 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.86 डॉलर यानी 1.27 फीसदी की बढ़त के साथ 68.53 यूएस डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

न्यूज ब्रीफ

## डीसी ने अवैध खनन की समीक्षा की



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज खनन टास्क फोर्स की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। बैठक में थाना वार अवैध बालू उठाव व अवैध खनिज परिवहन को लेकर की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। इसमें सभी अंचल अधिकारियों व थाना प्रभारियों को संयुक्त रूप से छापेमारी अभियान चलाये जाने, कार्रवाई का प्रतिवेदन खनन पदाधिकारी व उपायुक्त कार्यालय में समर्पित करने का निदेश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि 15 अक्टूबर तक एनजीटी के आदेशानुसार नदियों से बालू का खनन व उठाव बंद है। ऐसे में इस आदेश का पालन अक्षरशः अपने-अपने क्षेत्र में सभी पदाधिकारी व थाना प्रभारी कराएं। अवैध रूप से बॉक्साइट, आयरन, कोयला आदि का परिवहन करनेवालों पर भी कार्रवाई की जाए। सभी आदेशों का अनुपालन कराएं।

आज की बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, जिला परिवहन पदाधिकारी संजय कुमार, अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, सहायक खनन पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थाना प्रभारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## टाउन हॉल में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम कल

**लोहरदगा।** लोहरदगा पुलिस की ओर से शहरी क्षेत्र में राज्य स्तर पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन 10 सितंबर 2024 (मंगलवार) को टाउन हॉल, लोहरदगा में आयोजित किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में आम नागरिकों की समस्या / शिकायत का त्वरित निष्पादन किया जायेगा। इस कार्यक्रम के दौरान आम नागरिकों से प्राप्त लिखित एवं मौखिक शिकायत/समस्या पर लोहरदगा जिला के प्रखण्ड कार्यालय एवं थाना/ओ० पी० / शाखा के पदाधिकारी से संपर्क स्थापित कर आम नागरिकों के शिकायत / समस्या का त्वरित निष्पादन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्रखण्ड के प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी भाग लेकर आम नागरिकों के समस्याओं का निष्पादन करेंगें। लोहरदगा जिला में किसी गांव-मोहल्ला अन्य जगह में कहीं किसी प्रकार की समस्या य शिकायत है तो कोई भी नागरिक इस शिविर में आकर अपनी समस्या या शिकायत का समाधान करा सकते हैं। शिविर का समय सुबह 11 बजे से है।

नागरिक अपनी शिकायत मोबाइल नम्बर 9470546635 पर या ईमेल आईडी पर भी साझा कर सकते हैं। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा द्वारा दी गयी।

## बरसात में बदतर हुई छताकहु- बनुवा टोली सड़क



**कुरडेग।** बरसात के मौसम में जहाँ पूरे प्रखंड के किसान कृषि कार्य में व्यस्त हैं वहीं कुरडेग प्रखंड में चाडरीमुंडा पंचायत स्थित बनुवा टोली के ग्रामीण प्रखंड मुख्यालय की दूरी तय करने के लिए बनगांव या कसड़ेगा होकर लम्बा सफर तय कर के मुख्य सड़क तक पहुँच रहे हैं कारण है अस्त व्यस्त सड़क, आजादी के इतने वर्ष के बाद भी बनुवा टोली में निवास करने वाले लोग मूलभूत सुविधा से वँचित हैं,ग्रामीण बताते हैं की गाँव के कई युवक इस सड़क में गिर के घायल हो चुके हैं। सड़क के साथ साथ इस गाँव में सार्वजनिक चापाकल की संख्या भी न के बराबर है,कुछ महीने पूर्व विधायक मद से सड़क की मरम्मति का प्रयास हुआ था पर इससे सड़क की स्थिति सुधरने के बजाय अब और भी बदहाल हो गया है,गांव के निवासी बताते हैं की खराब सड़क होने के कारण यहाँ जनप्रतिनिधि और लोक प्रशाशन के लोग गांव आने से कतराते हैं।

## झुंड से बिछड़े एक हाथी नें फिर से मचाया तांडव



**जलडेगा।** जलडेगा प्रखंड ओडगा पंचायत के सारुबहार पतराटोली निवासी प्यारा जोजो पिता स्वर्गीय मंगरा जोजो नामक एक व्यक्ति के घर को शनिवार संध्या 7 बजे के करीब झुंड से बिछुडें एक जंगली हाथियों ने घर को किया ध्वस्त तथा घर में रखे धान को अपना निवाला बना लिया,दीवाल धंसने से साईकिल,पंखा, दो बक्शा सहित कई घरेलू सामान दबकर बर्बाद हो गया, हाथी पहुंचने के खबर के साथ ही आस-पास क्षेत्र के ग्रामीण एकजुट हुए तथा रात्रि में ही उड़ीसा बोर्डर पोटोब की ओर जंगली हाथियों को खदेड़ दिया गया है, इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद ओडगा पंचायत उप मुखिया दयामणि जोजो ने क्षति का लिया जायजा। हर संभव मदद दिलाने का दिया भरोसा।इधर घटना के बाद भी क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा वन विभाग को सुचना नहीं दी गई है।

## हेमंत सोरेन की सरकार में गांव-घर तक मिलने लगा योजनाओं का लाभ : विधायक

जमशेदपुर : डुमरिया प्रखंड के कुमड़ाशोल फुटबॉल मैदान में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के शिविर का मुख्य अतिथि विधायक संजीव सरदार ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। विधायक ने इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार में सभी योजनाओं का लाभ अंतिम छोर पर बसे गांव-घर तक मिलने लगा है। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से सभी वर्ग की महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से बालिका वर्ग सशक्त हो रही है। विधायक ने कहा विपक्षी दल मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को बंद कराने का षड्यंत्र रच रहे हैं। मुख्यमंत्री झारखंड के निवासियों के जीवन यापन को समृद्ध बनाने के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं।

### मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का पश्चिम सिंहभूम जिला में हुआ आगमन

# शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर लाभुकों के बीच किया परिसम्पत्ति का वितरण

**ज्योति पाठक**

राज्य के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एक ओर जहां अलग झारखण्ड राज्य के लिए प्राणों की सहादत देने वाले को हमेशा श्रद्धा सूमन अर्पित कर उनके त्याग बलिदान को हमेशा इतिहास के पन्नों में दर्ज के साथ-साथ उनके परिजनों को भी हमेशा सम्मान और उनके त्याग को नहीं भूला है। राज्य के विकास के साथ-साथ आठ सितम्बर को गुवा गोली कांड के शहीदों को नमन करने पहुंचे और अपने प्रोणों की आहूति देने वाले को श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

वहीं मुख्यमंत्री के द्वारा आज इस शहीद गुवा गोली कांड में पहुंच कर एक ओर जहां शहीदों को श्रद्धांजलि और सम्मान कार्यक्रम में शिरक किया वहीं झारखण्ड राज्य के विकास के सपने को भी निरंतर मुर्त रूप देने का कार्य कर रहे हैं। राजनीतिक उलटफेर और घटना चक्र को पीछे छोड़ते हुए मुख्यमंत्री ने यह साफ कर दिया है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा और गठबंधन पूर्णरूपेण एकजुट है और विधानसभा चुनाव में अबकी बार पुनः यही सरकार भी चरितार्थ होगी। आज परिसम्पत्ति वितरण कार्यक्रम में भी मुख्यमंत्री ने भी



राज्य के विकास की बातों से जनता को पुनः अवगत कराया और यह साफ कर दिया कि राजनीतिक गतिविधि और उलटफेर से सरकार डगमगाने वाली नहीं और 2019 में जनता ने जिस प्रकार से प्रचण्ड बहुमत के साथ उन्हें सरकार बनाने का अवसर दिया पांच वर्षों का झारखण्ड राज्य में भरपुर विकास कार्य हुआ है यह हम नहीं पुरे प्रदेशवासी जानते और मानते हैं।

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर कोल्हान के आयुक्त हरिकुमार केशरी ने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस अवसर पर डीआईजी मनोज रतन चैथे, उपायुक्त कुलदीप चैधरी, पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर के अलावे अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी उपस्थित थें।

## नाबालिग लड़की को भगाने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**मांडर।** मांडर पुलिस ने एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसला कर भगा ले जाने के आरोप में मांडर थाना क्षेत्र के 19 वर्षीय युवक विजय गोप को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, विजय गोप का अपने ही गांव की एक नाबालिग लड़की के साथ प्रेम संबंध था। शनिवार को विजय ने लड़की को बहकाकर घर से भागने के लिए मजबूर किया।

शाम तक जब नाबालिग घर नहीं लौटी, तो उसके परिजनों ने उसे ढूंढने का प्रयास किया, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। अंततः नाबालिग की मां ने शनिवार रात मांडर पुलिस थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए, टेक्निकल सर्विलांस की मदद से आरोपी का पता लगाया और रविवार को उसे गांव से ही गिरफ्तार कर लिया। साथ ही नाबालिग को भी सुरक्षित बरामद कर लिया गया। मांडर थाना प्रभारी ने बताया कि विजय गोप के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस द्वारा नाबालिग को परिवार के सुपुर्द कर दिया गया है, जबकि आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## विकास योजनाओं में जनता की भागीदारी भी आवश्यकः शिल्पी नेहा तिर्की



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**मांडर।** विधानसभा क्षेत्र की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि विकास योजनाओं के माध्यम से क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है, लेकिन इसमें जनता की सक्रिय सहभागिता भी उतनी ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि अपने जीवन स्तर को सुधारने की जिम्मेदारी ग्रामीणों की भी है, और इसमें लापरवाही दीर्घकाल में सबके लिए घातक हो सकती है। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं का भरपूर लाभ उठाते हुए स्वयं अपने विकास के लिए भी प्रयास करें।

श्रीमती तिर्की ने शुक्रवार को मांडर विधानसभा क्षेत्र के बेड़ो प्रखंड के डोरंडा पंचायत स्थित करमटोली और टोंगरी टोली, ग्राम नरकोपी, तुतलो पंचायत के ग्राम मसियातु, ग्राम कुदरखो और नारी बघिया टोली में विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने विश्वास जताया कि सभी योजनाएं निर्धारित समय में पूरी गुणवत्ता के साथ पूरी होंगी, जिससे क्षेत्र के विकास में गति आएगी।

शिलान्यास कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारियों और कार्यकताओं के साथ-साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण भी उपस्थित रहे। तिर्की ने अपनी बात दोहराते हुए कहा कि क्षेत्र के विकास में सरकार के साथ ग्रामीणों की भी साझेदारी अनिवार्य है, और केवल तभी विकास की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकते हैं।

## झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा की हुई बैठक

**बानो :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा का बैठक बानो प्रखंड मुखियालय नटराज गली में बनेश्वर सिंह के आवास में किया गया। बैठक में झारखंड भाषा खातियान संघर्ष समिति को ले कर बिस्तार रूप से चर्चा किया गया। एवं लोगों के समस्यायों के बारे जानकारी लिया गया। एवं समस्याओं का समाधान के लिए चर्चा किया गया। साथ ही जयराम दादा के विचारों से सभी कोई सहमत हुए। एवं बानो प्रखण्ड में विस्तार के लिए पूर्व में चयनित प्रखंड के अध्यक्ष - नगेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष - मोतीलाल महतो, सचिव - पुनीत सिंह की मौजूदगी में कुछ पद बाकी था उसे भी पूरा किया गया जिसमें बानो प्रखंड के सोय पंचायत के मुखिया - सोमारी कैथवार बने एसटी मोर्चा अध्यक्ष बनाया गया वही प्रखंड ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष बने राजकुमार साहू, बुद्धिजीवी मोर्चा बने बानेश्वर सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष बने चंद्रकांति कनडुलना, प्रखंड उप कोषाध्यक्ष बने रविंद्र सिंह मौके पर बैठक में प्रखण्ड के कई लोग उपस्थित थे।

# आईबी के उपनिदेशक बनाये गये पूर्वी चम्पारण के पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा

**बिनय मिश्रा**

भारतीय पुलिस सेवा 2015 बैच के लोकप्रिय, कर्मठ एवं बिहार में अपने बेहतर कार्यदक्षता के फलस्वरूप अपनी सशक्त पहचान रखने वाले पूर्वी चम्पारण के पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा को आईबी का उपनिदेशक बनाया गया है। श्री मिश्रा की उपलब्धि, कामयाबी और सफलता का ही यह परिणाम है कि इन्हें इस महत्वपूर्ण पद का जवाबदेही सौंपा गया है। श्री मिश्रा इससे पूर्व ग्रामीण पुलिस अधीक्षक पटना एवं तत्पश्चात अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र के रूप में चिन्हित जिला औरंगाबाद में सफलतम पुलिस अधीक्षक के रूप में पदस्थापित रहें। श्री मिश्रा औरंगाबाद जिला में एक ओर जहां नक्सलियों को बैकफुट पर भेजने में सफल रहें वहीं इस जिला से नक्सलियों का सफाया भी हुआ। इनके निरंतर नक्सल विरूद्ध सघन अभियान का ही यह कारगर परिणाम रहा कि श्री मिश्रा औरंगाबाद के लोकप्रिय और सफलतम पुलिस अधीक्षक के रूप में आज भी पहचाने जाते हैं। एक जनवरी 2023 को श्री मिश्रा को पूर्वी चम्पारण मोतिहारी के पुलिस अधीक्षक बनाये गयें और इनके बेहतर कार्यप्रणाली का ही यह परिणाम रहा कि मोतिहारी के पुलिस अधीक्षक बनाये गयें। श्री मिश्रा को केन्द्र प्रतिनियुक्ति पर भेजा जा रहा है। गृह मंत्रालय बिहार के मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा को प्रेषित पत्र में कहा गया है कि श्री मिश्रा को इंटेलिजेंस ब्यूरो में ज्वाईंट डिप्टी डायरेक्टर की जवाबदेही दी गयी है। इनकी सेवा पांच सालों की होगी।



गौरतलब हो कि श्री मिश्रा पुलिस अधीक्षक रहते कई पुस्तकों को लेखन भी किया है जिसमें मुख्य रूप से पाटलीपुत्र की छांव एवं मगध समन काव्य संग्रह काफी उत्कृष्ठ कविता संग्रह है। श्री मिश्रा की उपलब्धि तत्काल एवं त्वरत कार्रवाई भी काफी सराहे जाते हैं। घोड़ासहन में नेपाली डकैतों का इनकाउंटर एके 47 की बरामदगी, अमरीकन पिस्टल तथा वाकी ताकी बरामदगी भी इनकी सफलता में शामिल है। यही नहीं दुसरे प्रदेश से भी अपराधियों की गिरफ्तारी पुलिस कप्तान की बेहतर कार्यप्रणाली की पहचान रही। इसके अलावे एडीएम चोर का अन्तराज्य गेम का भंडाफोड़ तथा करोड़ों के स्वणार्भूषण की चोरी कांड का खुलासा भी इनकी उपलब्धि में शामिल है। ऐसे आईपीएस अधिकारी निश्चित तौर पर राज्य, विभाग और जिला के लिए उपलब्धि और गौरव हैं तथा आईबी के नये डिप्टी डायरेक्टर बन्ना इनकी बेहतर कार्यप्रणाली का ही परिणाम है।

# भारतीय ग्रामीण डाक संगठन का हुआ पुनर्गठन, फाल्गुनी साहू बने सचिव




**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** भारतीय ग्रामीण डाक संगठन चाईबासा का पुनर्गठन चाईबासा शाखा अध्यक्ष श्रीधर पंडा की उपस्थिति में हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि झारखंड सर्किल सचिव योगेश्वर साहू एवं उपसचिव काक दास मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से दशरथ कालिंदी को अध्यक्ष, हीरेंद्र गोप एवं दोनालाल प्रजापति को उपाध्यक्ष ,फाल्गुनी साहू को सचिव, सरवन कुमार नायक एवं शरद चंद्र महतो को सहायक सचिव बनाया गया। वहीं संजीव महतो को कोषाध्यक्ष तथा महेंद्र महतो को उपकोषाध्यक्ष चुना गया। संगठन सचिव में नरेश नंदा, रविंद्र गोप ,सुरेंद्र पूर्ति, बसो कांडुलना ,लखविंदर महतो, हरिश्चंद्र प्रधान और कुंवर नायक का चयन किया गया। इस मौके पर नवनिर्वाचित सचिव फाल्गुनी साहू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के डाक विभाग में जो भी समस्या आती है, उन समस्याओं को इस संगठन के माध्यम से दूर किया जाएगा। उन्होंने कहा ग्रामीण क्षेत्र में कार्य करना अपने आप में एक बहुत बड़ी चुनौती है ।डाक विभाग में बहुत सारी जनकल्याणकारी योजना है। जिसका लाभ सभी ग्रामीणों को देने की जरूरत है। जिसके लिए गांव-गांव में डाक विभाग शिविर लगाकर लोगों की समस्या को दूर करेगा। एवं लोगों को डाकघर में खाता खोलने के लिए प्रेरित करेगा और सरकारी योजना का लाभ दिलाने का हर संभव प्रयास की जाएगी ।इस मौके पर काफी संख्या में ग्रामीण डाक विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

# खेल में अनुशासन जरूरी : विधायक

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**कोलेबिराः** लचरागढ़ फुटबॉल क्लब द्वारा कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के लचरागढ़ में आयोजित खेल का महाकुंभ पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आज समापन मैच खेला गया। समापन मैच में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक कोलेबिरा नमन बिक्सल कोनगाड़ी उपस्थित रहे ।सभी अतिथियों को टूनामेंट आयोजन समिति की ओर से बैच पहनाकर और शोल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया खेल का शुभारंभ खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर तथा फुटबॉल को की मार कर किया गया। पांच दिवसीय फुटबाल टूनामेंट में कुल 16 टीम ने खेल प्रतियोगिता में भाग लिया। फाइनल मैच अजय ब्रदर्स और रेड हंटर्स के बीच खेली गई जिसमें फाइनल के रोमांचक मुकाबले में टीम ने रेड हंटर्स की टीम ने 1-0 से अजय ब्रदर्स को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया ।विजेता टीम को 1,50,000 व उपविजेता टीम को



1,00,000 रुपए नगद राशि और जर्सी देकर सम्मानित किया गया ।मैदान के चारों ओर खचाखच भीड़ थी, हजारों की संख्या में दर्शक गण और खेल प्रेमी उपस्थित रहे। खेल के मुख्य संरक्षक सह विधायक कोलेबिरा नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने सभी को संबोधित करते हुए खेल आयोजन समिति और हजारों की संख्या में इस टूनामेंट को देखने के लिए आए हुए सभी खेल प्रेमी और दर्शक बंधुओं को झारखंडी जोहार सभी को ढेरों शुभकामनाएं ।खेल को नियमसंगत खेले सिमडेगा जिला आज के खेल के क्षेत्र में एक अलग पहचान बना के रखी है ।इस लचरागढ़ के ऐतिहासिक ईंद टांड़ मैदान में पिछले कई सालों से खेल का आयोजन होते आ रहा है हम आने वाले भविष्य में भी कामना करते हैं की यह खेल निरंतर जारी रहेगा आज के समय में पढ़ाई के साथ साथ खेल की भी अहम भूमिका है। हमारा सहयोग हमेशा रहेगा। उन्होंने कहा की खेल मानव जीवन के मनोरंजन का एक बहुत अच्छा और आसान साधन है जिसके माध्यम से मनोरंजन के साथ-साथ स्वस्थ भी बेहतर रहता है।